


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 154 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, बुधवार 23 मार्च 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# दर्दनाक हादसा: कबाड़ गोदाम में लगी भीषण आग, 11 मजदूर जिंदा जले



**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के भोईगुड़ा स्थित कबाड़ गोदाम में भीषण आग लग गई है जिसमें 11 मजदूरों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मरने वाले सभी मजदूर बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं और यहां कबाड़ गोदाम में काम करते थे। वहीं मौके पर मौजूद हैदराबाद डीसीपी सेंट्रल जोन ने बताया कि सभी 11 शवों को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया है। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। तेलंगाना के सीएम केसी राव ने आग में बिहार के श्रमिकों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की और मुख्य सचिव को घटना में मारे गए श्रमिकों के शवों को वापस लाने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

### शटर बंद होने की वजह से फंस गए थे मजदूर

पुलिस के मुताबिक कबाड़ गोदाम की पहली मंजिल पर 12 मजदूर सो रहे थे। अचानक भूतल पर आग लग गई। मजदूरों के बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता भूतल में कबाड़ की दुकान के माध्यम से था जिसका शटर बंद था। आज सुबह आठ बजे तक 11 शव बरामद कर लिए गए, जबकि एक मजदूर जो भागने में सफल रहा, उसे अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार फायर कंट्रोल रूम को तड़के करीब तीन बजे अलर्ट मिला और नौ दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाने के लिए तीन घंटे से अधिक समय तक काम किया।

### पीएम मोदी ने जताया शोक

पीएम मोदी ने हैदराबाद के भोईगुड़ा में भीषण आग में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया। पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। मृतक के परिजन को पीएमएनआरएफकी ओर से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

### फाइबर केबलों में आग लग गई थी

गोदाम में फाइबर केबलों में आग लग गई थी जिसके कारण घना धुआं फैल गया और आग की तीव्रता और अधिक बढ़ गई। गोदाम में खाली शराब की बोतलें, कागज, प्लास्टिक और अन्य केबल भी रखे हुए थे। हली मंजिल पर दो कमरे थे और सभी 11 शव एक कमरे से बरामद किए गए थे। एक दूसरे के ऊपर लेटे हुए थे। शवों की पहचान नहीं हो पा रही है।




## खास-खबर



### मुख्यमंत्री ने अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव के शहादत दिवस पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव के शहादत दिवस पर उन्हें नमन किया है। श्री बघेल ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में देश के महान सपूतों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि देश की आजादी के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले इन देशभक्तों का त्याग एवं बलिदान हमें हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। इन्होंने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति दी। इन अमर शहीदों का बलिदान युगों-युगों तक भारतीय जनमानस में देशभक्ति की भावना जागृत करता रहेगा। इस अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह और खाद्य मंत्री अमरजीत भगत भी उपस्थित थे।

कर्नाटक में एक और विवाद

# मंदिरों में लगने वाले मेलों में मुसलमानों की दुकानों पर बैन अज्ञात लोगों ने लगाए बैनर



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में अभी हिजाब मामले पर बवाल खत्म नहीं हुआ कि एक और धार्मिक विवाद पैदा करने वाला मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार तटीय कर्नाटक में कुछ अज्ञात लोगों ने एक विवादित बैनर लगाकर मंदिरों में लगने वाले मेलों में मुसलमानों की दुकानों पर बैन लगाने की मांग की है। बताया जा रहा है कि ये लोग दक्षिणपंथी हिंदू समूह के सदस्य हैं। वहीं भारी विरोध के बीच इन मेलों की आयोजन समितियों ने इस अनुचित मांग के आगे घुटने टेक दिए हैं। दक्षिणपंथी हिंदू समूहों का कहना है कि हिजाब पर आए फैसले के बाद मुस्लिम संगठनों ने अपनी दुकानें बंद रखने का एलान किया था। इसलिए मंदिरों को उन्हें वार्षिक मेले में स्टॉल लगाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

### हिजाब मामले का असर

राज्य के तटीय क्षेत्र में मंदिरों के वार्षिक उत्सव, जो आमतौर पर अप्रैल-मई में आयोजित होते हैं, करोड़ों का राजस्व प्राप्त करते हैं। सांप्रदायिक तनाव के बावजूद, अतीत में इस तरह के त्योहारों ने शायद ही कभी किसी समुदाय की व्यावसायिक संभावनाओं को नुकसान पहुंचाया हो। लेकिन हिजाब पर हाईकोर्ट के फैसले पर मुसलमानों द्वारा बुलाए गए बंद के बाद क्षेत्र के कई मंदिरों ने अपने त्योहारों में मुसलमानों के प्रवेश पर रोक लगा दी।

### बैनर लगाकर कर रहे विरोध


दक्षिण कन्नड़ जिले में कुछ जगहों पर विवादित पोस्टर देखे गए जिसमें लिखा था कि ऐसे लोगों को यहां व्यापार करने की अनुमति नहीं दी जा सकती, जो कानून का सम्मान नहीं करते और एकता के खिलाफहैं। जो लोग उन गायों को मारते हैं, जिनकी हम पूजा करते हैं। हिंदू अब जागरूक हो चुके हैं।

### 20 अप्रैल को होने वाले नीलामी में मुसलमानों के भाग लेने पर रोक

20 अप्रैल को होने वाले महालिंगेश्वर मंदिर के वार्षिक उत्सव के आयोजकों ने नीलामी में मुसलमानों के भाग लेने पर रोक लगा दी है। आमंत्रण में, आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि 31 मार्च को बोली में भाग लेने के लिए केवल हिंदू ही पात्र हैं। मंदिर के अधिकारी टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे।

# पुतिन को जहर दिया जा सकता है? 1000 से अधिक कर्मचारियों को बदला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस द्वारा यूक्रेन पर करीब एक महीने से आक्रमण जारी है। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने फरवरी में अपने सभी निजी कर्मचारियों को इस डर से बदल दिया था कि उन्हें जहर दिया जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह साफनहीं है कि यूक्रेन में सैन्य अभियान को मंजूरी देने से पहले या बाद में कर्मचारियों को बदला गया था। खबरों के मुताबिक जिन लोगों को बर्खास्त किया गया उनमें रसोइया, धोबी, अंगरक्षक आदि शामिल हैं।



### पुतिन को राष्ट्रपति पद से हटाने की योजना?

डेली मेल ने यूक्रेनी खुफिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया है कि पुतिन को जहर दिए जाने का एकदम से निराधार नहीं है क्योंकि मॉस्को के एलिट अधिकारी पुतिन को 'जहर' देने और इसे एक दुर्घटना के रूप में बताने की साजिश रच रहे हैं। डेली मेल की रिपोर्ट में बताया गया है कि रूस में प्रभावशाली लोगों के एक ग्रुप ने कथित तौर पर पुतिन को राष्ट्रपति पद से हटाने की योजना बनाना शुरू कर दिया है और यहां तक कि एक उत्तराधिकारी को भी लाइन में खड़ा कर दिया है।

### यूक्रेनी खुफिया रिपोर्ट्स का दावा

यूक्रेनी खुफिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फेडरल सिक्योरिटी सर्विस के 70 साल के डायरेक्टर अलेक्जेंडर बोर्तनिकोव पुतिन को खत्म करने की योजना बनाने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में से एक हैं। हालांकि फेडरल सिक्योरिटी सर्विस पुतिन का प्रमुख समर्थक है और एजेंसियों को युद्ध शुरू होने से पहले चीजों के बारे में पता था। ऐसा माना जाता है कि बोर्तनिकोव का हाल दिनों में पुतिन के साथ संबंध खराब होता गया है।

### प्रतिबंधों के कारण पुतिन को हटाए जाने का प्लान?

रिपोर्ट्स बताती हैं कि यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद से पश्चिमी देशों द्वारा लगाए जा रहे प्रतिबंध रूस की इकॉनमी का बुरा हाल कर रहे हैं। पुतिन को 'जहर' दिए जाने की योजना के पीछे यह मुख्य कारक बताया जा रहा है। इस तरह की बातें यूक्रेन युद्ध को प्रभावित करने वाली अफवाहें हो सकती हैं। लेकिन नेतृत्व के बारे में अनिश्चितता के बीज और पुतिन का निजी जीवन हमेशा रहस्य में डूबा रहा है। युद्ध के मद्देनजर कई विश्लेषकों ने पुतिन की समझदारी पर सवाल उठाया है और कई का दावा है कि पूर्व केजीबी एजेंट गंभीर बीमारियों से पीड़ित है।

# हीरो मोटोकॉर्प पर आईटी रेड, चेयरमेन पवन मुंजाल समेत कई अधिकारियों के ठिकानों पर भी तलाशी जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आयकर विभाग ने बुधवार सुबह हीरो मोटोकॉर्प चेयरमैन पवन मुंजाल समेत कई बड़े अधिकारियों के ठिकानों पर छापे मारे हैं। खबर है कि गुरुग्राम स्थित आवास और दफ्तर पर सुबह से ही तलाशी जारी है। इधर, रेड की खबर का सीधा असर बाजार पर पड़ा है। कंपनी के शेयर में बुधवार को खासी गिरावट दर्ज की गई। फिलहाल, कंपनी और आईटी विभाग की तरफ से इस कार्रवाई को लेकर आधिकारिक रूप से जानकारी साझा नहीं की गई है।




अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि हीरो मोटोकॉर्प समूह के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुंजाल और अन्य प्रवर्तकों के कार्यालय एवं आवासीय परिसरों पर छापे मारे गए हैं। छापे की यह कार्रवाई गुरुग्राम, दिल्ली और अन्य शहरों में स्थित परिसरों पर की जा रही है। आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम कंपनी और उसके प्रवर्तकों के वित्तीय दस्तावेजों एवं अन्य कारोबारी लेनदेन पर गौर कर रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंजाल के खिलाफ फर्जी खर्च दिखाने के आरोप हैं। कहा जा रहा है कि विभाग को भी दस्तावेजों में कुछ फर्जी खर्चों की जानकारी मिली है। हाल ही में विभाग ने रियल एस्टेट फर्म के दिल्ली-एनसीआर, चंडीगढ़, लुधियाना, लखनऊ और इंदौर में 45 ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की थी। उस दौरान 25 करोड़ रुपये से ज्यादा की बेहिसाब नकदी और 5 करोड़ रुपये के आभूषण जब्त किए थे।

लद्दाख में खत्म होगा गतिरोध?

# चीन के विदेश मंत्री वांग यी कल भारत आएंगे गलवान संघर्ष के बाद चीनी नेता की पहली यात्रा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्या पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन के बीच एलएसी पर जारी सैन्य गतिरोध खत्म होने वाला है? खबरों में दावा किया जा रहा है कि चीनी विदेश मंत्री वांग यी 24 मार्च को दो दिनी भारत यात्रा पर आ रहे हैं। संभावना है कि दोनों देश इस दौरान लद्दाख गतिरोध का सौहार्दपूर्ण हल निकाल लेंगे।



कोरोना महामारी व गलवान घाटी में दोनों देशों के बीच हिंसक संघर्ष के बाद किसी चीनी नेता की यह पहली भारत यात्रा होगी। यी पाकिस्तान होते हुए नई दिल्ली पहुंचेंगे। वहां वे आर्गनाइजेशन आफ इस्लामिक कंट्रीज (ओआईसी) की बैठक व पाकिस्तान के राष्ट्रीय दिवस समारोह में शरीक होंगे। पाकिस्तान में चीनी विदेश मंत्री यी ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक व व्यावहारिक सहयोग बढ़ाने के लिए चार सूत्रीय फॉर्मूला पेश किया है। उन्होंने पाकिस्तान के विदेश मंत्री के साथ साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बारे में विस्तार से बताया।

# छत्तीसगढ़ में जल संदूषण बनी है बड़ी समस्या, पानी की जांच और जागरूकता को दिया जा रहा बढ़ावा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दूरदराज के इलाकों में जल संदूषण (वाटर कंटेमिनेशन) हमेशा से चिंता का गंभीर मुद्दा रहा है। यहां का पानी फ्लोराइड, आयरन, टर्बिडिटी, आर्सेनिक, नाइट्रेट और पैथोजन से संदूषण होता है। इस समस्या के समाधान के लिए हर घर में नल कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने जल जीवन मिशन की शुरुआत की थी।



हालांकि, इस योजना में चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि पानी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए समय-समय पर जांच हो और इसकी निगरानी होती रहे। किसी समुदाय के स्वास्थ्य का निर्धारण करने में पेयजल की गुणवत्ता एक शक्तिशाली पर्यावरणीय कारक है। संदूषित पानी का सेवन करने से कई स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इससे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों के बीमार पड़ने की आशंका अधिक होती है। पेयजल में कोलिफॉर्म बैक्टीरिया की मौजूदगी डायरिया, उल्टी, एंठन, जी मिचलाना, सिरदर्द और बुखार जैसी समस्याएं उत्पन्न कर सकती है। आयरन की अधिक मात्रा से पेट की बीमारियां और फ्लोराइड से दांतों और हड्डियों को नुकसान पहुंच सकता है।

इंडियन नेचुरल रिसोर्स इकनॉमिक्स एंड मैनेजमेंट (आईएमआरईएम) फाउंडेशन के डॉ. सुंदरराजन कृष्णन कहते हैं कि जल संदूषण चाहे बैक्टीरियल हो या केमिकल, इसका स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है। बच्चों की हड्डियों के विकास पर विपरीत असर पड़ता है और कैल्शियम की कमी से उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

इस समस्या के समाधान के लिए 'जल गुणवत्ता चैंपियनों' की पहचान की जा रही है। इन्हें जल सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और जमीनी स्तर पर फील्ड टेस्ट किट का इस्तेमाल करते हुए पानी की जांच करने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। बता दें कि जल जीवन मिशन की शुरुआत साल 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी।

# कलेक्टर के खिलाफ आदिवासियों का फूटा गुस्सा कलेक्ट्रेट का गेट तोड़कर घुसे सैकड़ों प्रदर्शनकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में मंगलवार को सैकड़ों लोग कलेक्ट्रेट का गेट तोड़कर कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सुकमा कलेक्टर पर बेरूखी बरतने का आरोप लगाया और उन्हें जिले से हटाने की मांग की। सर्व आदिवासी समाज की सुकमा इकाई ने मंगलवार को जिले में ग्रेड तीन और चार की सरकारी नौकरियों में स्थानीय लोगों को शत-प्रतिशत आरक्षण देने सहित 20 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय तक रैली निकाली। बाद में समाज के लोग कलेक्टर कार्यालय परिसर में प्रवेश कर गए।



सर्व आदिवासी समाज के सुकमा जिले के प्रमुख पोज्जा राम मरकाम ने बताया कि हाल ही में उनका एक प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर विनीत नंदनवर से मिलने पहुंचा था लेकिन कलेक्टर ने उन्हें समय नहीं दिया। मरकाम ने बताया कि इसके बाद आदिवासी समाज ने कलेक्टर को हटाने सहित मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने का फैसला किया।

उन्होंने बताया कि उनकी मांगों में वर्ष 2013 में एडेसमेटा गांव में पुलिस गोलीबारी में मारे गए लोगों के परिजनों को मुआवजा और नौकरी देने तथा तीन नगर पंचायतों-सुकमा, कोंटा और दोरनापाल को वापस ग्राम पंचायतों में परिवर्तित करना आदि शामिल है। मरकाम ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने अपना आंदोलन समाप्त करने से पहले अनुविभागीय दंडाधिकारी को अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

इधर कलेक्टर विनीत नंदनवर ने कहा है कि जिला प्रशासन हमेशा स्थानीय लोगों की मांगों पर ध्यान देता है और उस पर उचित कार्रवाई करता है। सुकमा जिले के अधिकारियों ने बताया कि कुछ लोग जिला प्रशासन को निशाना बनाने के लिए इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रहे हैं।



## संपादकीय

# कीमतों की चुभन

यह तो तय था। पिछले काफी दिनों से यह आशंका जताई जा रही थी कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का मतदान खत्म होते ही पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा हो जाएगी। कुछ विपक्षी नेता तो बार-बार ट्वीट और बयानों के जरिये वोटरों को आगाह भी कर रहे थे, यह और बात है कि मतदाताओं ने उन्हें बहुत महत्व नहीं दिया। लेकिन अब जब रसोई गैस सिलेंडर के दाम में एकमुश्त 50 रुपये और पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में 80 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई है, तो वे आशंकाएं भी सच साबित हो गई हैं, और महंगाई के और बढ़ने की नई चिंता लोगों के सिर पर सवार हो गई है। गौरतलब है, इसी सोमवार को डीजल की थोक खरीद पर करीब 25 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। लाजिमी है कि वस्तुओं की ढुलाई और परिवहन संसाधनों पर इससे दबाव बढ़ेगा और इसका बोझ अंततः उपभोक्ताओं को ही उठाना होगा।

> हमारे समाज में भी असंतोष का स्तर बढ़ा है, 'हैपिनेस इंडेक्स' की ताजा रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है। इसलिए पेट्रो उत्पादों के मूल्य निर्धारण तंत्र को अब इतना पारदर्शी बनाए जाने की जरूरत है कि वह अर्थव्यवस्था के अनुरूप कोई कठोर फैसला ले, तो वह राजनीतिक दबाव से संचालित न दिखे। फिर उनकी मूल्य-वृद्धि को स्वीकारने में किसी के लिए किंतु-परंतु की गुंजाइश नहीं रह बचेगी।

पेट्रो उत्पादों के दाम में बढ़ोतरी का फौरी कारण किसी से छिपा नहीं है। रूस-यूक्रेन युद्ध और रूस पर पश्चिम की पांबदियों ने जिस वैश्विक अस्थिरता को जन्म दिया है, उससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 118 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई है। बल्कि एक वक्त तो इसने पिछले 13 वर्षों का उच्चतम स्तर को छू लिया था। ऐसे में, तेल कंपनियों पर आर्थिक दबाव दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा था। चिंता की बात यह भी है कि इस युद्ध को शुरू हुए लगभग एक महीना होने जा रहा है, और फिलहाल इसके अंत की कोई सूरत नजर नहीं आ रही है। ऐसे में, दामों को स्थिर बनाए रखना मुश्किल होता जा रहा था। हालांकि, विपक्ष का आरोप है कि सरकार जब रूस से सस्ते दाम पर तेल खरीद ही रही है, तब उसे इस समय दाम बढ़ाने की क्या जरूरत थी, जब लोग माली तंगी के शिकार हैं? पर हकीकत यह है कि भारत लगभग 80 प्रतिशत तेल आयात खाड़ी के मुल्कों व अमेरिका-अफ्रीकी देशों से करता है। ऐसे में, रूस से खरीदारी से बहुत राहत की उम्मीद नहीं बांधी जा सकती। फिर, रूस से आयात के गहरे कूटनीतिक निहितार्थ भी हैं, जिनकी अनदेखी सरकार नहीं कर सकती।

लेकिन यह भी तय है कि देश के मध्य व निम्न आयवर्ग के लिए महंगाई असह्य होती जा रही है। तमाम आर्थिक कसौटियां बता रही हैं कि महामारी ने देश की एक विशाल आबादी को गरीबी रेखा के नीचे धकेल दिया है, बेरोजगारी एक गंभीर समस्या बन चुकी है, ऐसे में खाने-पीने की चीजों के दाम में आंशिक बढ़ोतरी भी करोड़ों लोगों की थाली और पोषण पर सीधा असर डालेगी। चूंकि पेट्रो उत्पादों की मूल्य-वृद्धि का सीधा संबंध रोजमर्रा की वस्तुओं की महंगाई से है। इसलिए सरकार को अपने निगरानी तंत्र को दुरुस्त रखने के साथ-साथ समाज के अशक्त लोगों के हितों की निगहबानी करनी पड़ेगी। आमदनी न बढ़ने की सूरत में महंगाई कितनी मारक हो सकती है, यह श्रीलंका और पाकिस्तान की मौजूदा सामाजिक उथल-पुथल हमें बता रही है। हमारे समाज में भी असंतोष का स्तर बढ़ा है, 'हैपिनेस इंडेक्स' की ताजा रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है। इसलिए पेट्रो उत्पादों के मूल्य निर्धारण तंत्र को अब इतना पारदर्शी बनाए जाने की जरूरत है कि वह अर्थव्यवस्था के अनुरूप कोई कठोर फैसला ले, तो वह राजनीतिक दबाव से संचालित न दिखे। फिर उनकी मूल्य-वृद्धि को स्वीकारने में किसी के लिए किंतु-परंतु की गुंजाइश नहीं रह बचेगी।

## जल संकट की तरफबढ़ रही है दुनिया

विश्व जल दिवस यानी पानी के वास्तविक मूल्य को समझने का दिन, पानी बचाने के संकल्प का दिन। पानी के महत्व को जानने का दिन और जल संरक्षण के विषय में समय रहते सचेत होने का दिन। आंकड़े बताते हैं कि विश्व के 1.6 अरब लोगों को पीने का शुद्ध पानी नही मिल रहा है। पानी की इसी जंग को खत्म करने और जल संकट को दूर करने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने 1992 में रियो डि जेनेरियो के अपने अधिवेशन में 22 मार्च को विश्व जल दिवस के रुप में मनाने का निश्चय किया था।

भारत मे सदियों से जल संरक्षण की महत्ता रही है। हमारे देश में तो नदी, तालाब और कुंआ पूज्यनीय रहें हैं लेकिन पिछले 100 सालों में कथित विकास के नाम पर हमने भूजल और जल के स्त्रोतों को इतना दोहन किया कि पूरी दुनिया पीने के पानी की किल्लत से जूझ रही है। देश -दुनिया में हजारों छोटी नदियां विलुप्त हो गई, तालाब और कुंआ सूख चुके हैं। भूजल का स्तर गिरता जा रहा है। 2001 के आंकड़ों को देखें, तो आज की तस्वीर काफी गंभीर है। भारत में प्रति व्यक्ति भूमिगत जल की उपलब्धि 5,120 लीटर हो गई है।

1951 में यह उपलब्धता 14,180 लीटर थी। 1951 की उपलब्धता का अब यह 35 फीसद ही रह गई है। 1991 में यह आधे पर पहुंच गई थी। अनुमान के मुताबिक 2025 तक प्रति व्यक्ति के लिए प्रति दिन के हिसाब से 1951 की तुलना में केवल 25 फीसद भूमिगत जल ही शेष बचेगा। केंद्रीय भूजल बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक साल 2050 तक यह उपलब्धता घटकर केवल 22 फीसद ही बचेगी। एक महत्वपूर्ण तथ्य के अनुसार हर दिन औसतन 321 अरब गैलन पानी मनुष्यों द्वारा इस्तेमाल किया जाता है। इसमें 77 अरब गैलन पानी अकेले पृथ्वी के भीतर से निकाला जाता है।

**शशांक द्विवेदी**

> इसी महीने की दो तारीख को कश्मीर के कुलगाम के सरांदू इलाके में आतंकियों ने मोहम्मद याकूब नाम के एक कश्मीरी मुस्लिम की गोली मारकर हत्या कर दी। जानते हैं उसका कसूर क्या था? उसका कसूर था कि वो पंचायत चुनाव लड़कर मुख्यधारा का हिस्सा बनना चाहता था। और कश्मीर में पंचायत चुनाव लड़ते ही मारे जाने वाले मोहम्मद याकूब कोई पहले कश्मीरी मुस्लिम और न ही आखिरी। याकूब की हत्या से एक दिन पहले ही आतंकियों ने बटमालू में मस्जिद के बाहर खड़े एक पुलिसवाले को गोली मारकर ज़ख्मी कर दिया था। इससे पहले पिछले साल 7 नवम्बर को बटमालू में ही आतंकियों ने गोली मारकर एक पुलिसवाले की हत्या कर दी थी।

# इस्लामिक कट्टरपंथ पर कुछ जरूरी सवाल

नीरज बधवार

पिछले दिनों कर्नाटक हाईकोर्ट ने ये कहते हुए शिक्षण संस्थानों में हिजाब पहनने पर रोक लगा दी कि हिजाब इस्लामी परम्परा का हिस्सा नहीं है। फैसले के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु राज अवस्थी को जान से मारने की धमकी दी गई। इस बारे में एक वीडियो सामने आया जिसमें धमकी देने वाले बता रहे थे कि उन्हें पता है कि जज सुबह घूमने किस पार्क में जाते हैं। धमकी के बाद तीनों तीनों जजों को ड्ढ श्रेणी की सुरक्षा दे दी गई। लेकिन ये धमकी एक बार फिर इस्लामिक कट्टरपंथियों को लेकर बहुत से सवाल खड़े करती है। सवाल खड़ा होता है कि जब भी चीज़ें इन कट्टरपंथियों के मुताबिक नहीं होती तो वो सीधे मरने-मारने पर उतारू क्यों हो जाते हैं।

फ्रांस में कोई मैगजीन कोई कार्टून बनाती है तो आप उसके पूरे स्टाफकी हत्या कर देते हैं। कोई तस्लीमा नसरीन किताब लिखती है तो उसे देश छोड़ना पड़ जाता है। कोई सलमान रशदी मज़हब पर टीका करता है तो उसके खिलाफ फतवा जारी हो जाता है, अदालत में केस चलने के बावजूद किसी कमलेश तिवारी का दिनदहाड़े गला रेत दिया जाता है और जब फैसला तुम्हारे पक्ष में नहीं आता, तो सीधे जज को ही मारने की धमकी दे दी जाती है।

मतलब, या तो तुम मेरी बात मानो, नहीं तो मरने के लिए तैयार रहो। बीच में संवाद, सुधार या माफी की गुंजाइश ही नहीं! और फिर आप शिकायत करते हैं कि मेरे मज़हब को लेकर 'फोबिया' क्यों बढ़ रहा है। फोबिया कोई हवा में पैदा नहीं होता। न ही कोरोना की तरह किसी की छींक से फैलता है। फोबिया असल, जायज़ और कड़वे अनुभवों से पैदा होता है।

कुछ वक्त पहले मैं ओशो का एक ऑडियो टेप सुन रहा था जिसमें पाकिस्तान से आए एक शख्स फिरोज़ ने उनसे पूछा कि ऐसा क्यों है कि दुनिया का सबसे नया धर्म होने के बावजूद इस्लाम सबसे पुराना लगता है। इस पर रजनीश का जो जवाब था वो आज भी बहुत से लोगों के लिए सोचने का विषय है। रजनीश ने कहा, सबसे नया होने के बावजूद इस्लाम सबसे पुराना इसलिए लगता है क्योंकि उसमें टीका की इजाज़त नहीं है। दुनिया के हर धर्म ने अपने मानने वालों को ये छूट दी कि वो उसकी धार्मिक मान्यताओं पर बहस करें, उसकी धार्मिक किताबों में लिखी बातों पर तर्क करें, और हो सके तो उसमें सुधार भी करें, लेकिन इस्लाम ऐसी कोई छूट नहीं देता।

रजनीश ने आगे कहा कि यही वजह है कि मैं हर मज़हब और सम्प्रदाय पर टिप्पणी करता हूं लेकिन इस्लाम पर बहुत कम, क्योंकि मैं जानता हूं कि जिन लोगों से मैं मुखातिब हो रहा हूं उनका रवैया क्या है। हिजाब विवाद के दौरान एक दलील अक्सर दी गई कि बच्चियों पर हिजाब कोई थोप थोड़ा रहा है। अगर कोई अपनी मर्ज़ी से पहनना चाहता है, तो उसे रोका क्यों जा रहा है! 'अपनी मर्जी'ज्क्या आप मज़ाक कर रहे हैं। सोचिए, जब मर्जी का फैसला न आने पर आप जजों तक को जान से मारने की धमकी दे देते हैं। अबू आज़मी जैसे जनप्रतिनिधि तक जजों की समझ पर ही सवाल खड़े कर देते हैं। मौलानाओं द्वारा जजों की लानत-मलानत हो रही है। तो आपको लगता है कि इन लोगों के दायरे में जो औरतें आती होंगी ये उन्हें 'अपनी मर्ज़ी' से कुछ करने की छूट मिलती होगी?



चुनावों में तो हर किसी को अपने हिसाब से वोट देने की छूट होती है। यहां तक कि आप किसी से पूछ भी नहीं सकते कि उसने किसको वोट दिया। मगर दो दिन पहले बरेली में एक मुस्लिम महिला ने मीडिया में आकर बताया कि यूपी चुनावों में बीजेपी को वोट करने के कारण उसके तलाक की नौबत आ गई है। महिला ने बताया कि बीजेपी सरकार ने महिलाओं के लिए जो योजनाएं चलाई हैं उससे प्रभावित होकर वोट दिया था। जब अपने कहे के मुताबिक वोट न करने पर एक शौहर अपनी बीवी को तलाक तक दे देता है तो उस समाज में 'औरतों की मर्ज़ी' के क्या मायने हैं आप अच्छे से समझ सकते हैं? ईरान में तो महिलाओं ने हिजाब के खिलाफ इतने कैंपेन चलाए। इसके लिए उन्होंने अपनी मूल 'आर्यन पहचान' तक हवाला दिया। इतने विरोध सहे। जेल गईं। सार्वजनिक तौर पर ज़लील हुईं। पर हुआ क्या? क्या इस सबसे कट्टरपंथी झुक गए। उन्हें अपनी मर्ज़ी चलाने दी?

और यही बड़ा सवाल है कि आप अपनी मज़हबी नाइत्तेफाकी से कैसे डील करते हैं। जो आपके हिसाब से धर्म सम्मत नहीं है उससे कैसा सुलूक करते हैं। खुद से जो अलग है, उससे कैसे एडजस्ट करते हैं। यही बताता है कि एक बहुधर्मी समाज में रहने के लिए आप कितने फिट हैं। एक बहुसांस्कृतिक समाज में रहने के लिए आप कितने तैयार हैं?

एक ऐसा समाज जहां लोगों की आपसे सांस्कृतिक असहमतियां भी होंगी, सुधार का दबाव भी होगा, आधुनिक होने का आग्रह भी होगा। लेकिन हर बार अगर आप इन असहमतियों, दबावों और आग्रहों पर हिंसक हो जाएंगे, तो सवाल पर उस समाज पर नहीं, बल्कि न बदलने की आपकी ही ढिठाई पर उठेंगे। कश्मीर को लेकर एक वर्ग अक्सर ये बात बार-बार दोहराता है कि वहां जनमत संग्रह करवा लो। लोगों से पूछ लो कि उनकी मर्ज़ी क्या है? वो भारत के साथ रहना चाहते हैं, पाकिस्तान के साथ मिलना चाहते हैं या खुद को आज़ाद मुल्क बनाना चाहते हैं? इस दलील का सबसे बड़ा सेलिंग प्वाइंट यह है कि हम 'लोगों की बात' कर रहे हैं। 'उनकी मर्ज़ी' से फैसला लेना चाहते हैं!

अब इस मर्ज़ी की हकीकत जान लीजिए। 80 के दशक में जब कश्मीर में चुन-चुनकर पंडितों को निशाना बनाया गया तो उसकी सबसे बड़ी वजह ये थे कि वहां इस्लामी निजाम कायम करने की हसरत पालने वाले लोगों को पंडितों का 'भारत प्रेम' पसंद नहीं था। कश्मीरी पंडित उन्हें भारत सरकार के मुखबिर लगते थे।अपनी इस्लामी निजाम की हसरत में वो उन पंडितों को सबसे बड़ा रोड़ा मानते थे। मैं कहता हूं कि आप हिंदुस्तानी सरकार को भाड़ में जान दीजिए। उसे अपना दुश्मन मानिए। लेकिन जब आप दिन-रात कश्मीरियों की ही मर्ज़ी की दुहाई देते हैं, दिन-रात कश्मीरियत की बात करते हैं, तो क्या वो 'पंडित' कश्मीरी नहीं थे। और जब आपने एक बार उनको कश्मीर से भगा दिया, तो फिर उस 'जनमत संग्रह' या कथित 'जनता की मर्ज़ी' या 'कश्मीर के लोगों' की राय के क्या मायने रह गए?

इसी महीने की दो तारीख को कश्मीर के कुलगाम के सरांदू इलाके में आतंकियों ने मोहम्मद याकूब नाम के एक कश्मीरी मुस्लिम की गोली मारकर हत्या कर दी। जानते हैं उसका कसूर क्या था? उसका कसूर था कि वो पंचायत चुनाव लड़कर मुख्यधारा का हिस्सा बनना चाहता था। और कश्मीर में पंचायत चुनाव लड़ते ही मारे जाने वाले मोहम्मद याकूब कोई पहले कश्मीरी मुस्लिम और न ही आखिरी। याकूब की हत्या से एक दिन पहले ही आतंकियों ने बटमालू में मस्जिद के बाहर खड़े एक पुलिसवाले को गोली मारकर ज़ख्मी कर दिया था। इससे पहले पिछले साल 7 नवम्बर को बटमालू में ही आतंकियों ने गोली मारकर एक पुलिसवाले की हत्या कर दी थी।

**व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं**

# कभी भी पुरानी नहीं पड़ेगी उनकी बेमिसाल शहादत

के सी त्यागी, वरिष्ठ जद-यू नेता



सरदार भगत सिंह व उनके साथियों की शहादत को लगभग 90 वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन भारतीय जनमानस को रोमांचित करने वाली अविस्मरणीय पराक्रम की गाथाएं आज भी ताजा हैं। 21 वर्ष की आयु में उनके परिवार के साथ 24 घंटे गुजारने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ था। सन 1972 में गाजियाबाद के भगत सिंह 'ग्रुप' के दो दर्जन युवाओं द्वारा उनकी स्मृति को यादगार बनाने हेतु शहर के बीच घंटाघर पर मूर्ति लगाने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया था। मूर्ति के उद्घाटन के लिए उनकी मां विद्यावती कौर को आमंत्रित कर उद्घाटन स्थल तक लाने की जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई थी। भगत सिंह के छोटे भाई सरदार कुलतार सिंह आजादी और विभाजन के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में आकर बस गए थे और कृषि कार्यों में अपना अधिकतर समय व्यतीत करते थे। सरदार कुलतार सिंह के आवास का दृश्य प्रथम दृष्टया किसी गांव से मेल खाता दिखता था। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार माता विद्यावती कौर और बहन प्रकाशवती कौर भी वहां पहले से मौजूद थीं। चाय-पानी के बाद स्मरण का सिलसिला प्रारंभ हुआ। पिता सरदार किशन सिंह समेत परिवार के कई सदस्य गांधीजी के असहयोग आंदोलन में भाग ले चुके थे। पिता सरदार किशन सिंह को इस दौरान जेल जाने का भी अवसर प्राप्त हुआ। माता विद्यावती कौर गर्व के साथ बचपन की घटनाओं का सिलसिलेवार वर्णन करते हुए भावुक होती रहीं कि किस प्रकार बैसाखी के दिन 13 अप्रैल की जलियांवाला बाग में घटी घटना 'वीर' के जीवन को क्रांतिकारी बना गई। भगत सिंह उस समय लाहौर के विद्यालय के छात्र थे। भारतीय स्वाधीनता संग्राम और भगत सिंह के जीवन में यह अभूतपूर्व घटना थी। माता विद्यावती कौर के अनुसार, इस घटना का 'वीर' पर गहरा असर पड़ा और उन्होंने लाहौर के बजाय अमृतसर पहुंचकर वहां से लहू से रंगी मिट्टी को एकत्रित कर उसे यादगार के तौर पर सुरक्षित करने का संकल्प लिया।

भगत सिंह उस शीशी में भरी मिट्टी को रोजाना फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि देते थे। पढ़ाई के दौरान उनकी विलक्षण बुद्धि का सभी लोहा मान चुके थे। उन्होंने डीएवी लाहौर से नौवीं कक्षा पास कर सीधे एफए में दाखिला ले लिया और मात्र 16 वर्ष की आयु में एफए पास कर बीए में प्रवेश लिया। विद्यावती कौर के मुताबिक, भगत सिंह पर शादी के लिए परिवार वालों ने दबाव बनाना शुरू कर दिया। इन्हीं सभी प्रतिबंधों को तोड़ते हुए वह एक दिन पत्र लिखकर घर छोड़ गए कि उनका जीवन देश के लिए समर्पित है।


जेल के दौरान एक बार माता-पिता पुत्र से मिलने लाहौर सेंट्रल जेल गए थे। यह वह दौर था, जब गांधी-इरविन पैक्ट सुर्खियों में था। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी की सजा सुनाई गई थी। समूचा देश फांसी टालने को लेकर आंदोलित था, माता-पिता भगत सिंह से इस आशय के साथ मिले कि वह हिंसा का रास्ता अख्तियार करने पर अफसोस जता दें और उन्हें सशर्त जीवनदान मिल सकता है। भगत सिंह ने पहली बार माता-पिता के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कठोर शब्दों का प्रयोग किया था कि वह सार्वजनिक तौर पर यह घोषणा करने से भी परहेज न करेंगे कि उनका माता-पिता से कोई संबंध नहीं है।

शहादत से एक दिन पूर्व 22 मार्च, 1931 को अपने अंतिम पत्र में वह लिखते हैं, जीने की इच्छा मुझमें भी होनी चाहिए, मैं इसे छिपाना नहीं चाहता, मगर मैं एक शर्त पर जिंदा रह सकता हूं कि मैं कैदी या पाबंद होकर जीना नहीं चाहता। मेरा नाम क्रांति का प्रतीक बन चुका है और क्रांतिकारी दल के आदर्शों ने मुझे बहुत ऊंचा उठा दिया है। इतना ऊंचा कि जीवित रहने की स्थिति में मैं इससे ऊंचा हर्गिज नहीं हो सकता। फांसी चढ़ने के बाद हिन्दुस्तानी माताएं अपने बच्चों के लिए भगत सिंह बनने की आरजू करेंगी। अब तो बड़ी बेताबी से अंतिम परीक्षा का इंतजार है, कामना है, यह और नजदीक हो जाए। लाहौर में आज भी भगत सिंह के बलिदान की गूंज है। 2013 में संसदीय ग्रुप की एक बैठक के दौरान वहां की सभा में यह बात साबित हुई थी कि जिस स्थान पर फांसी दी गई थी, वह शहर से दूर था, लेकिन आजकल शहर के बीच में है। इसे शादियान चौक के नाम से जाना जाता है। वहां भगत सिंह के चित्र पर दोनों मुल्कों के क्रांतिप्रिय फूल चढ़ाकर गौरवान्वित महसूस करते हैं। इससे प्रतीत होता है कि वह अपनी छवि और लक्ष्य के प्रति कितने समर्पित थे। आज सभी विचारों के लोग उन्हें अपने-अपने तरीके से याद करते हैं, लेकिन उनका कथन अब भी गूंजता रहता है कि हमारा लक्ष्य यह नहीं है कि गोरे शासकों का स्थान काले शासक ले लें और व्यवस्था जस की तस चलती रहे। जब तक व्यक्ति का व्यक्ति, वर्ग का वर्ग और राष्ट्र का राष्ट्र द्वारा शोषण समाप्त नहीं होगा, हमारा संकल्प अधूरा रहेगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

**श्रीमती अंजली जैन की कलम से...**





दरकती दीवारें,
वक्त की स्याही
को सुनाती, जो हम
कह नहीं पाते वो
किताबें भी
सुनाती है।

-अंजली जैन
7024460938

# पुराने सीएम, नई पारी

उत्तराखंड में पुष्कर सिंह धामी के विधायक दल का नेता चुने जाने के साथ ही पिछले 11 दिनों से चला आ रहा सस्पेंस समाप्त हो गया। यह साफहो गया कि बीजेपी ने चारों राज्यों में सिटिंग चीफमिनिस्टर्स को जारी रखने का फैसला किया है। इसी के तहत गोवा में प्रमोद सावंत का नाम फाइनल हुआ। मणिपुर में एन वीरेन सिंह पहले ही मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं और यूपी में योगी आदित्यनाथ के नाम पर कभी कोई संदेह रहा ही नहीं। संदेह सबसे ज्यादा धामी को ही लेकर था। वजह यही थी कि उनके नेतृत्व में पार्टी ने भले बहुमत हासिल कर लिया हो, वह खुद चुनाव हार गए थे। ऐसा ही एक मामला 2017 में हिमाचल प्रदेश में आया था, जहां बीजेपी को जिताकर भी पार्टी के सीएम कैंडिडेट प्रेम सिंह धूमल खुद अपनी सीट नहीं बचा पाए। तब जयराम ठाकुर को मुख्यमंत्री का पद मिला था। मगर अभी हालात अलग हैं। उत्तराखंड में धामी छह महीने के अंतराल में तीसरे मुख्यमंत्री थे। पार्टी के इन प्रयोगों ने यह संकेत दिया था कि बीजेपी नेतृत्व राज्य में राजनीतिक स्थिरता बनाए रखने के सवाल को खास अहमियत नहीं दे रहा। इन प्रयोगों ने पार्टी में पूर्व मुख्यमंत्रियों की संख्या बढ़ाकर आंतरिक गुटबाजी की समस्या को भी और बढ़ा दिया था।

ऐसे में मुख्यमंत्री के रूप में पुष्कर सिंह धामी के नाम पर सहमति देकर आलाकमान ने जहां पार्टी की आंतरिक गुटबाजी खत्म करने की इच्छा दिखाई है, वहीं 2024 के लोकसभा चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक स्थिरता बनाए रखने का भी संकेत दिया है। यह संकेत चारों राज्यों के लिए है। मगर धामी के पक्ष में लिए गए फैसले का एक निहितार्थ यूपी के संदर्भ में खास तौर पर रेखांकित किया जा रहा है। वहां योगी सरकार के पिछले कार्यकाल में उपमुख्यमंत्री रहे केशव प्रसाद मौर्य चुनाव हार गए हैं। उन्हें राज्य में ओबीसी का प्रमुख चेहरा बताया जाता रहा है। ऐसे में यह बताने की कोशिश शुरू हो गई है कि धामी को दोबारा मुख्यमंत्री बनाने का मतलब है, मौर्य को भी उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा। मगर दोनों बिल्कुल अलग मामले हैं। चारों राज्यों में मुख्यमंत्री पद पर बदलाव न करने के फैसले का यह मतलब नहीं निकाला जा सकता कि मुख्यमंत्री की टीम में भी कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। बेशक यह संभावना बनी हुई है कि योगी मंत्रिमंडल में केशव प्रसाद मौर्य को उपमुख्यमंत्री पद दोबारा मिल जाए, लेकिन अगर ऐसा हुआ भी तो वह एक अलग फैसला होगा, जिसके पीछे बिल्कुल अलग तरह के कारक काम कर रहे होंगे। बहरहाल, नई पारी में इन मुख्यमंत्रियों के सामने चुनौतियां भी नई होंगी। उम्मीद की जाए कि वे इन चुनौतियों से पिछली पारी के मुकाबले बेहतर ढंग से निपटते हुए आम वोटरों के फैसले को सार्थक साबित करेंगे।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239



























श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### रानीतरई वितरण केंद्र के 16 गांवों को मिली सौगात

**दुर्ग।** विद्युत कंपनी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिषा में एक नया आयाम जोड़ते हुए लगभग 85 लाख 54 हजार की लागत से 33/11 के.व्ही. सबस्टेषन रानीतरई से केसरा तक नई 33 के.व्ही. लाइन खींचकर मुख्य अभियंता एम.जामुलकर की उपस्थिति में दिनांक 16 मार्च 2022 को चार्ज कर लिया गया है। 33/11 के.व्ही. सबस्टेषन रानीतरई से 33/11 के.व्ही. सबस्टेषन केसरा तक 10.05 किलोमीटर नई 33 के.व्ही. लाइन लगभग 85 लाख 54 हजार की लागत से खींचा गया हैं। मुख्य अभियंता जामुलकर ने बताया कि रानीतरई से केसरा डबल सप्लाई हो जाने से विद्युत व्यवस्था बेहतर हो गई है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्य के संपन्न होने से रानीतरई वितरण केंद्र के 16 ग्रामों के 5200 घरेलू उपभोक्ताओं एवं 1074 पंप उपभोक्ताओं लाभान्वित होंगे। साथ ही 500 के.व्ही.ए. के सिंचाई पंपों हेतु लिफ्ट इरिगेषन के कनेक्षन को भी निर्बाध रुप से उच्च गुणवत्ता के विद्युत प्रदान की जा सकेगी। कार्यपालन अभियंता धर्मेन्द्र कुमार भारती ने बताया कि पूर्व में रानीतरई एवं केसरा उपकेंद्र में सिर्फ एक 33 के.व्ही. सप्लाई उपलब्ध हुआ करती थी। अब इस नये लाइन के ऊर्जीकृत होने से रानीतरई वितरण केंद्र में रानीतरई उपकेंद्र एवं केसरा उपकेंद्र को वैकल्पिक 33 के.व्ही. की सप्लाई उपलब्ध रहेगी, जिससे विद्युत व्यवस्था क्षेत्र में मजबूत हो जाएगी। उन्होंने बताया कि नई लाइन ऊजीकृत होने से निर्बाध विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा। इस कार्य को लक्षित समय पर पूर्ण करने के लिए अतिरिक्त मुख्य अभियंता एच.के.मेश्राम, अधीक्षण अभियंता द्वय ए.के.गौराहा एवं एस.आर.बांधे ने कार्यपालन अभियंता द्वय धर्मेन्द्र कुमार भारती एवं पी.के.षर्मा, सहायक अभियंता जलालुद्दीन एवं उनकी टीम को बधाई प्रेशित की।

### छत्तीसगढ़ की वित्तीय स्थिति देश के पहले से स्थापित बड़े राज्यों की तुलना में बहुत अच्छी

# बेहतर वित्तीय प्रबंधन से छत्तीसगढ़ में इस वर्ष राजस्व सरप्लस की स्थिति : भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज चर्चा के बाद 01 लाख 12 हजार 603 करोड़ 40 लाख रूपए की राशि का छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक 2022 ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था देश के पहले से स्थापित बड़े राज्यों की तुलना में बहुत अच्छी है। राज्य के पूंजीगत व्यय में लगातार वृद्धि हो रही है और वित्तीय घाटा भी बेहतर वित्तीय प्रबंधन और अनुशासन से लगातार कम किया जा रहा है।**



इस वर्ष छत्तीसगढ़ में राजस्व सरप्लस की स्थिति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि कोविड-19 की दूसरी लहर के कारण राज्य के राजस्व में कमी आई, लेकिन बेहतर वित्तीय प्रबंधन के चलते हम कम ऋण भी ले रहे हैं। राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2012-13 के बाद सबसे कम ऋण इस वर्ष लिया है। चालू वर्ष में केवल एक हजार करोड़ का शुद्ध ऋण लिया गया है। केन्द्र सरकार कहती है कि जीएसटी के एवज में राज्य सरकार ऋण ले। वर्ष 2019-20 में 3109 करोड़ रूपए का लोन लिया गया। वर्ष 2021-22 में 8 हजार 71 करोड़ का लोन लिया गया, जिसमें जीएसटी ऋण 4965 करोड़ रूपए तथा विशेष केन्द्रीय सहायता ऋण 282 करोड़ शामिल है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021-22 की प्रथम तिमाही में 4000 करोड़ का ऋण लिया गया। दूसरी तिमाही में पूंजीगत व्यय 4624 करोड़ रूपए था, जो लिए गए ऋण से अधिक था। जनवरी 2022 की स्थिति में पूंजीगत व्यय 7629 करोड़ रूपए था और राजस्व आधिक्य 1103 करोड़ रूपए था। इसी प्रकार वित्तीय घाटा 6591 करोड़ रूपए था, जो जीएसडीपी का मात्र 1.65 प्रतिशत था। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय की भावना के साथ काम करते हुए प्रदेश के किसानों, आदिवासियों युवाओं, महिलाओं, मजदूरों के हित में प्रारंभ की गई योजनाओं को पूरा करेगी और मितव्ययता को अपनाते हुए अनुत्पादक व्ययों में कमी लाने का हर संभव प्रयास करेगी।


मुख्यमंत्री ने चर्चा के दौरान सदस्यों द्वारा नवीन तहसीलों के गठन की मांग पर सदन में कबीरधाम जिले में पिपरिया और कुंडा, कोरिया जिले में बचरापौड़ी, बलरामपुर में चलगली, जांजगीर-चांपा जिले में हसौद और मुंगेली जिले में सरगांव में तहसील के गठन की घोषणा की। उन्होंने पत्रकारों को अधिमान्यता के नवीनीकरण में होने वाली व्यवहारिक कठिनाइयों को देखते हुए अधिमान्यता नियम में संशोधन करने तथा अगले कैलेंडर वर्ष से पत्रकारों की अधिमान्यता का नवीनीकरण 2 वर्ष में करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने विनियोग पर चर्चा करते हुए कहा कि विनियोग वर्ष 2022-23 का आकार 01 लाख 12 हजार 603 करोड रुपए है। बजट 2022-23 का शुद्ध व्यय 1 लाख 4000 करोड रुपए का है। इसमें राजस्व व्यय 88 हजार 371 करोड़ रूपए और पूंजीगत व्यय 15 हजार 241 करोड़ रूपए है। राज्य को कुल 01 लाख 4 हजार करोड़ रूपए की राजस्व प्राप्ति होगी, जिसमें राजस्व प्राप्तियां 89 हजार 73 करोड़ रूपए तथा पूंजीगत प्राप्तियां 14 हजार 927 करोड़ रूपए होगी। बजट के वित्तीय संकेतकों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष राजस्व आधिक्य 702 करोड़ रूपए, वित्तीय घाटा 14 हजार 600 करोड़ रूपए का अनुमान है। वर्ष 2022-23 के लिए अनुमानित जीएसडीपी 4 लाख 38 हजार 478 करोड़ रूपए तथा जीएसडीपी के प्रतिशत के रूप में वित्तीय घाटा 3.33 प्रतिशत होगा। बजट में अनुसूचित जनजाति के लिए 33 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिए 12 प्रतिशत, सामाजिक क्षेत्र के लिए 37 प्रतिशत तथा आर्थिक क्षेत्र के लिए 40 प्रतिशत का प्रावधान किया गया है। बजट में कृषि बजट का आकार 20 हजार 405 करोड़ रूपए है।

मुख्यमंत्री ने राज्य की आर्थिक स्थिति की जानकारी देते हुए कहा कि वर्ष 2021-22 के प्रावधिक अनुमान अनुसार स्थिर भाव पर राज्य की जीएसडीपी में 11.54 प्रतिशत वृद्धि संभावित है, जो राष्ट्रीय स्तर पर 9.2 प्रतिशत कमी की तुलना में अधिक है। वर्ष 2021-22 में स्थिर भाव पर कृषि क्षेत्र में 3.88 प्रतिशत, औद्योगिक क्षेत्र में 15.44 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र में 8.54 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित है। राष्ट्रीय स्तर पर इन क्षेत्रों में अनुमानित वृद्धि दर क्रमशः 3.9 एवं 11.8 प्रतिशत तथा 8.2 की तुलना में छत्तीसगढ़ में काफी बेहतर स्थिति है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष राज्य में राजस्व सरप्लस की स्थिति है। छत्तीसगढ़ ने बजट का 80 प्रतिशत लोन लिया है।

## कार्बन के अत्याधिक उतसर्जन को कम करने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं - डॉ. कुंहामु




### सेंट थॉमस महाविद्यालय ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय वन्य दिवस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय के स्नातकोत्तर जीव विज्ञान विभाग द्वारा टीकेएम महाविद्यालय कोलम केरल के जीव विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वन के टिकाऊ उत्पादन एवं उपयोग विषय पर 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय वन्य दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता केरल विश्वविद्यालय, त्रिचूर के सिल्वी कला एवं एग्रो वन्य कॉलेज विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कुंहामु टी. के. एवं विलेज हर्ब्स कंपनी लिमिटेड मदुरै एवं दुर्ग के डॉ उत्कर्ष घटे थे।

डॉ कुंहामु ने वनों के पारिस्थितिक लचीलेपन की चर्चा करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर कार्बन के अत्याधिक उतसर्जन को कम करने के लिए अधिक से आशिक पेड़ लगाने की आवश्यकता है।

डॉ उत्कर्ष घटे ने कार्बन की तटस्थता के लिए जैविक कृषि एवं वन्य क्षेत्र को बढ़ाने पर ज़ोर दिया। टीकेएम महाविद्यालय कोलम केरल की प्राचार्या डॉ चित्रा गोपीनाथ ने वेबिनार का शुभारंभ किया एवं सेंट थॉमस महाविद्यालय के स्नातकोत्तर जीव विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ जयश्री बालासुब्रमण्यम ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। टीकेएम महाविद्यालय कोलम केरल के जीव विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती रोहिणी कृष्णा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम का संचालन सेंट थॉमस महाविद्यालय के स्नातकोत्तर जीव विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ जोयम्मा जॉन द्वारा किया गया।

### कलेक्टर डा. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने गजरा नाला जीर्णोद्धार कार्य का किया निरीक्षण

# 732 किमी में फैले 196 नालों के एक-एक बूंद को सहेजने का हो रहा भगीरथ प्रयास

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। सही मायनों में यह भगीरथ प्रयास है। भगीरथ प्रयास इसलिए क्योंकि कुछ किमी तक नालों के पैच का जीर्णोद्धार ही नहीं किया जा रहा है अपितु 732 किमी में फैले 196 नालों के जीर्णोद्धार के लिए काम हो रहा है। यह कितना महती काम है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसका कैचमेंट एरिया 248 गांवों के एक लाख 67 हजार स्क्वायर मीटर तक फैला है। बारिश शुरू होने से पहले इन नालों में लगभग प्रगतिरत साढ़े तीन हजार कामों को पूरा करने की महती जिम्मेदारी है क्योंकि बारिश शुरू होते ही नालों का काम प्रभावित हो जाएगा और असली लाभ भी बारिश का ही उठाना है।**



ताकि एक-एक बूंद हम सुरक्षित कर सकें और धरती के भीतर का जलस्तर बढ़ जाए। कलेक्टर डा. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज जिले में चल रहे नरवा कार्यों का निरीक्षण किया। इसके लिए वे गजरा नाला जीर्णोद्धार कार्य को देखने पहुंचे।

रवेली से आरंभ हुआ यह नाला तर्रा, बटंग होते हुए कुरुदडीह तक 27 किमी की लंबाई में फैला हुआ है। वर्ष 2002 में इसका जीर्णोद्धार उस समय के पीएचई मंत्री और अब प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कराया था।

समय के साथ गजरा नाला को भी जीर्णोद्धार की जरूरत पड़ी है और अब यहां अनेक तरह के स्ट्रक्चर बनाये जा रहे हैं। कलेक्टर ने अपने भ्रमण की शुरूआत रवेली से की। जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन ने बताया कि नरवा प्रोजेक्ट के कामों को तेजी से पूरा किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके लिए मटेरियल आदि की सप्लाई भी कर दी गई है और डीएमएफतथा मनरेगा के समन्वय से यह कार्य हो रहा है। कलेक्टर ने बटंग में मजदूरों से चर्चा की। मजदूरों ने बताया कि यह जलसंरक्षण का काम है और हमारे काम का बड़ा लाभ हमें इस बारिश में दिखेगा जब बारिश की एक-एक बूंद हम सहेज पाएंगे। कलेक्टर ने नालों के किनारे बसे सभी गांवों का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि जहां स्ट्रक्चर के जीर्णोद्धार की जरूरत है वहां स्ट्रक्चर ठीक करें। जहां डिसेल्टिंग की जरूरत है वहां डिसेल्टिंग करें। उन्होंने कहा कि काम युद्धस्तर पर किया जाना पहली प्राथमिकता होगी। गजरा नाला के किनारे बसे ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2002 में जब इसका जीर्णोद्धार हुआ, उसके बाद तेजी से जलस्तर बढ़ा। समय के साथ इसमें गाद भी जमा होती गई है। अब डिसेल्टिंग किये जाने से इसका लाभ होगा। उल्लेखनीय है कि प्रथम चरण में जिन नालों में जीर्णोद्धार का कार्य हुआ, उनके समीपस्थ कृषि की स्थिति में सुखद परिवर्तन हुआ है और भूमिगत जलस्तर बढ़ने से किसान दूसरी फसल भी ले पा रहे हैं।

# इस्पात फिटनेस सेंटर का संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने किया उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा इस्पात भवन में दिनांक 22 मार्च, 2022 को इस्पात फिटनेस सेंटर का उद्घाटन संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने किया। भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट को साकार करते हुए बीएसपी प्रबंधन ने अत्याधुनिक फिटनेस मषीनों के साथ जीम की शुरूआत की गई।**




फिटनेस एट वर्क के उद्देष्य को पूरा करने के लिए डोंट सिट, गेट फिट के नारे के साथ भिलाई इस्पात संयंत्र के इस्पात भवन में जिम का शुभारम्भ किया गया। यह एक अनुठा प्रयोग है। भिलाई इस्पात संयंत्र, सेल की पहली इकाई है जिसने कार्मिकों व अधिकारियों को फिट रखने के लिए कार्यस्थल पर फिटनेस सेंटर की शुरूआत की है।

इस्पात भवन के चौथे माले में स्थित इस जीम के उद्घाटन अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता के साथ-साथ संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (माइन्स एवं रावघाट), मानस बिस्वास, कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ एस के इस्सर, कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रषासन), के के सिंह, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएँ) ए के भट्टा, कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (वित्त एवं लेखा) डॉ ए के पंडा तथा सेफी चेयरमेन व बीएसपी ओए के अध्यक्ष एन के बंछोर सहित संयंत्र के कई मुख्य महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण तथा वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

जीम के उद्घाटन अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता ने इस्पात बिरादरी से फिट रहने का आव्हान करते हुए कहा कि हमें इस्पात निर्माण के साथ-साथ सेहत निर्माण पर भी ध्यान देना होगा। यह जीम हमारे वर्क लाइफ बैलेंस को साधने में मदद करेगा। साथ ही अनिर्बान दासगुप्ता ने यहां लगे विभिन्न उपकरणों में रूचि दिखाते हुए इन पर अभ्यास भी किया। विदित हो कि बीएसपी प्रबंधन ने इस्पात बिरादरी को फिटनेस का तोहफा देते हुए इसकी स्थापना की है। इस फिटनेस सेंटर में योग हेतु भी स्थान बनाया गया है जिससे लोग कसरत के साथ-साथ योगाभ्यास भी कर सकें। इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यपालक निदेशकगण तथा मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (वित्त एवं लेखा) ने भी लोगों को संबोधित कर स्वस्थ रहने की अपील की।

### पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष प्रवेश परीक्षा 27 को

**दुर्ग।** पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनांतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 27 मार्च को दोपहर 12 बजे कन्या छात्रावास परिसर, गौरव पथ आदर्श कन्या स्कूल दुर्ग के बाजू में किया गया है। राज्य के अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक विद्यार्थी परीक्षा में बैठने के लिए पात्र होंगे। पूर्व में आवेदन प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थी अपने मूल अभिलेख (समस्त प्रमाण पत्रों) के साथ 27 मार्च को 10:30 बजे निर्धारित परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होकर परीक्षा में शामिल होने की प्रक्रिया पूर्ण करा सकते है। विस्तृत जानकारी हेतु आदिवासी विकास विभाग दुर्ग से संपर्क कर सकते है।


















## खास खबर

### आवास, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का नियमितिकरण होगा आसान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रहवासियों के लिए उनके आवास, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, प्रभावशील भू-उपयोग आदि निर्माण कार्यों का नियमितिकरण कराना अब और अधिक आसान हो जाएगा। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण (संशोधन) विधेयक पारित किया गया। संशोधन विधेयक के अनुसार राज्य के निवेश क्षेत्र के अंतर्गत जहां भी अनियमित विकास हुए हैं उन्हें नियमित कराया जा सकेगा। विधेयक में नियमितिकरण के प्रावधानों को पहले से अधिक शिथिल कर दिया गया है।

आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास नियमितिकरण (संशोधन) विधेयक से प्रदेश की जनता को उनके आवास, व्यावसायिक प्रतिष्ठान को नियमित कराने का अवसर मिलेगा। ऐसे लोग जो परिस्थितिवश अनुज्ञा प्राप्त करने से वंचित रह गये थे, उन्हें भी इस अधिनियम के लागू होने पर शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप अपने अनियमित विकास एवं निर्माण को नियमित कराने का मौका मिलेगा। इससे राज्य सरकार के राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी। इसका उपयोग विकास योजनाओं में किया जा सकेगा। आवास एवं पर्यावरण मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास नियमितिकरण (संशोधन) विधेयक में भूमि उपयोग में परिवर्तन करने पर कलेक्टर गाईडलाईन का 5 प्रतिशत अतिरिक्त शमन शुल्क अधिरोपित की जावेगी। साथ ही अनधिकृत विकास की प्रकरण में यदि नियमानुसार पार्किंग की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है, तो पार्किंग हेतु अतिरिक्त शास्ति राशि जमा किया जा कर नियमितिकरण कराया जा सकेगा।

### वन क्षेत्रों में आग लगने से सुरक्षा हेतु वन विभाग सतर्क

**रायपुर।** वन क्षेत्रों में आग लगने से सुरक्षा हेतु वन विभाग सतत प्रयासरत है। इस तारतम्य में गरियाबंद वनमंडल अंतर्गत जंगल में आग लगने की सूचना प्रदान करने हेतु विभागीय अधिकारियों की सूची जारी कर दी गई है। साथ ही वहां वन मंडल गरियाबंद में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। जिसका नंबर 79870-64635 है। इसी तरह वन मंडलाधिकारी गरियाबंद-75870-11200, उप वनमंडलाधिकारी राजिम-97530-34333, उप वनमंडलाधिकारी गरियाबंद-90099-17777 तथा उप वनमंडलाधिकारी देवभागे-77248-40444 में भी जंगल में आग लगने की सूचना दी जा सकती है। गौरतलब है कि गरियाबंद जिला वनाच्छादित होने के साथ-साथ वन्य प्राणी बाहुल्य जिला है। जिले में साल, बीजा, सागौन एवं अन्य ईमारती प्रजाति के वृक्ष तथा औषधि पौधे बहुतायत में पाये जाते हैं। वन क्षेत्रों में आग लगने से ईमारती अन्य औषधि पौधे जल जाते हैं। इसकी सुरक्षा हेतु वन विभाग सतत प्रयासरत है।

रायपुर के पंडरी हॉट परिसर में राज्य स्तरीय खादी तथा ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

# छत्तीसगढ़ में साढ़े चार लाख लोगों के जीवनयापन का जरिया बना ग्रामोद्योगः मंत्री गुरू रूद्रकुमार

### खादी व ग्रामोद्योग के उत्पाद का हो रहा प्रदर्शन-सह-विक्रय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने रायपुर स्थित पंडरी छत्तीसगढ़ हाट परिसर में छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित 10 दिवसीय राज्य स्तरीय खादी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड एवं खादी और ग्रामोद्योग आयोग से पंजीकृत विभिन्न राज्यों के वित्त पोषित और पंजीकृत इकाईयां अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रही हैं। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के परंपरागत खादी वस्त्र, रेशम वस्त्र, हाथकरघा वस्त्र, बेलमेटल, बांसशिल्प, बनारसी, चंदेरी, भागलपुरी, राजस्थानी आदि विभिन्न प्रकार की कलात्मक खादी एवं ग्रामोद्योग सामग्रियों का प्रदर्शन सह-विक्रय किया जा रहा है। मंत्री गुरू रूद्रकुमार एवं अतिथिगणों ने इस मौके पर प्रदर्शनी स्थल पर लगे स्टॉलों का मुआयना किया और बुनकरों एवं शिल्पियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।



मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्रामोद्योग विभाग के सभी घटकों के माध्यम से राज्य में लगभग साढ़े चार लाख लोगों को जीवनयापन का अवसर सुलभ हुआ है। कोरोना काल की विषम परिस्थितियों में भी जहां रोजी-रोटी के लिए घर से निकलना मुश्किल था, ऐसे समय में भी ग्रामोद्योग विभाग ग्रामीणों को घर में ही रोजगार उपलब्ध कराया है। इसके लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी सहित सभी वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम सब टीम वर्क के साथ ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराकर स्वावलंबी बनाने की दिशा में अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस 10 दिवसीय प्रदर्शनी में बुनकरों और शिल्पकारों के उत्पादों को अच्छा प्रतिसाद मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने की। प्रदर्शनी का आयोजन छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड और प्रायोजक खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग के सहयोग से किया गया है।

गौरतलब है कि बोर्ड में संचालित राज्य शासन की योजना मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं भारत सरकार की योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनांतर्गत ग्रामीण अंचलों में निवासरत बेरोजगारों को विभिन्न प्रकार के सेवा क्षेत्र एवं विनिर्माण क्षेत्र में कुटीर उद्योग स्थापित करने हेतु लोन प्रदाय कर अनुदान का लाभ दिया जाता है। छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, बोर्ड के उत्पादन केन्द्रों में निर्मित खादी वस्त्रों तथा वित्त पोषित इकाईयों द्वारा उत्पादित ग्रामोद्योग सामग्रियों के प्रचार-प्रसार एवं विपणन हेतु एक बाजार व्यवस्था के तहत सतत प्रयत्नशील रहा है। बोर्ड द्वारा इसके लिए समय-समय पर जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव ग्रामोद्योग डॉ. आलोक शुक्ला, संचालक ग्रामोद्योग सुधाकर खलखो, खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रबंध संचालक रेखा शुक्ला और विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### दस दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन 22 से 31 मार्च तक

छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा पंडरी में आयोजित प्रदर्शनी सह-विक्रय मेला 22 से 31 मार्च तक प्रतिदिन पूर्वान्ह 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक आमजनता के लिए खुला रहेगा। प्रदर्शनी व विक्रय हेतु 50 स्टॉल लगाए गए हैं। यहां पर आने वाले लोगों के लिए विभिन्न प्रकार के पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के स्टॉल भी सजाए गए हैं। दस दिवसीय आयोजन के दौरान प्रत्येक दिवस संध्या 7 बजे से संस्कृति विभाग के सहयोग से विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। यहां छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा फैशन शो का भी आयोजन किया जायेगा। प्रदर्शनी में आम जनता का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

# छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग में नव नियुक्त पांच सदस्यों ने किया पदभार ग्रहण

### मंत्री श्रीमती भेंड़िया और आयोग की अध्यक्ष श्रीमती नेताम ने दी बधाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग में आज 22 मार्च को नव नियुक्त 05 सदस्यों द्वारा पदभार ग्रहण किया गया। इनमें रायपुर जिले के तिल्दा की आशा संतोष यादव, जांजगीर जिले के पामगढ़ की पुष्पा पाटले, बिलासपुर जिले की पूजा खनुजा, रायपुर जिले के ऑगस्टिन बर्नाड और दुर्ग जिले के सोनल कुमार गुप्ता शामिल हैं। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया, आयोग की अध्यक्ष तेजकुंवर नेताम तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 9 मार्च की अधिसूचना के माध्यम से 5 सदस्यों को आयोग में 3 वर्ष के लिए नियुक्त किया गया है। पदभार ग्रहण के बाद श्रीमती भेंड़िया ने आयोग के नव-नियुक्त सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नव-नियुक्त सदस्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए जिम्मेदारी के साथ काम करेंगे। तेजकुंवर नेताम ने आयोग के नए सदस्यों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने त्वरित व ठोस कार्यवाही करने हेतु मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि आयोग बच्चों के अधिकारों के संरक्षण से जुड़ा है, इसलिए मामलों में संवेदनशीलता से काम लें। इस अवसर पर सभी नवनियुक्त सदस्यों ने एकजुट होकर बच्चों को संरक्षण व राहत के लिए काम करने का संकल्प प्रदर्शित किया।

# 15वें वित्त आयोग से प्राप्त 752.50 करोड़ रूपए ग्राम पंचायतों को वितरित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय वर्ष 2021-22 में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों के लिए 752.50 करोड़ रूपए की राशि वितरित की जा चुकी है। भारत सरकार के निर्देशानुसार डीएससी के पुनः पंजीयन के बाद ग्राम पंचायतों को नियमित रूप से राशि का भुगतान किया जा रहा है।

पंचायत संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि 15वें वित्त के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में राशि रूपये 1075.00 करोड़ का बजट प्रावधन किया गया था। संचालनालय को केन्द्र सरकार से 752.50 करोड़ रूपए की राशि प्राप्त हुई, जिसका वितरण किया जा चुका है। शेष 322.50 करोड़ रूपए की राशि केन्द्र सरकार से प्राप्त होने पर इसका पंचायतों को वितरण किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि यह राशि जल्द केन्द्र सरकार से प्राप्त हो जाएगी। भारत सरकार से राशि प्राप्त होने पर समय सीमा के भीतर ही पंचायतों को शेष राशि का भुगतान किया जाएगा। पंचायत संचालनालय के अधिकारियों ने यह भी बताया कि भारत सरकार द्वारा पीएफएमएस ;च्थ्डैद्ध में बिना सूचना के कोड में परिवर्तन करने के कारण देशभर की दो लाख पंचायतों का डीएसएसी अनरजिस्टर कर पुनः रजिस्टर करने के आदेश दिए गए थे। इसके परिपालन में राज्य की सभी त्रिस्तरीय पंचायतों का डीएसएसी अनरजिस्टर कर पुनः रजिस्टर किया गया।

# मंत्री डहरिया की अनुशंसा पर विधायक निधि से विकास कार्य के लिए 1 करोड़, 10 लाख रुपये स्वीकृत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन, विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की अनुशंसा पर विधायक निधि अंतर्गत आरंग विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में 1 करोड़ 10 लाख रुपये के विकास कार्यो की स्वीकृति मिली है। जिसमें ग्राम सेमरिया (न) के साहू पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 06 लाख 50 हजार रुपये, ग्राम चोरभट्ठी के सर्व पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 06 लाख 50 हजार रुपये, ग्राम कुटेसर के साहू पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 06 लाख 50 हजार रुपये, ग्राम भैसा में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख 20 हजार रुपये, ग्राम पिपरहटठा के साहू पारा सामुदायिक भवन में अतिरिक्त निर्माण कार्य हेतु 01 लाख 50 हजार रुपये,ग्राम चिखली के निषाद पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 06 लाख 50 हजार रुपये, ग्राम गुमा के झेरिया साहू पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 06 लाख 50 हजार रुपये, ग्राम अछोली में सीसी रोड़ निर्माण कार्य हेतु 05 लाख 20 हजार रुपये, ग्राम देवरतिल्दा के वर्मापारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 06 लाख 50 हजार रुपये,ग्राम छतौना(फ़) में ललित चन्द्राकर के घर से भूषण पटेल के घर तक सीसी रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख 20 हजार रुपये, ग्राम नकटा में कुमार के घर से आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 तक सीसी रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख 20 हजार रुपये, ग्राम भोथली के सामुदायिक भवन लोधी पारा में आहता निर्माण हेतु 05 लाख रुपये, ग्राम मोहमेला में नवीन पंचायत भवन से जीराखन टण्डन के घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य हेतु 05 लाख 20 हजार रूपये, ग्राम पिरदा में नरसिंग के घर से हीरासिंह के घर तक सीसी रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख 20 हजार रुपये, ग्राम परसदा (से.) में महामाया चौक से केशला रोड़ तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य हेतु 05 लाख 20 हजार रुपये, ग्राम टेकारी में घनश्याम धुरंधर के घर से तेजराम वर्मा के ब्यारा तक नाली निर्माण कार्य हेतु 05 लाख 20 हजार रुपये, ग्राम राखी के शासकीय हाई स्कूल में फर्नीचर प्रदाय हेतु 04 लाख 93 हजार हजार, ग्राम भानसोज के निर्मलकर पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 06 लाख 50 हजार रुपये, ग्राम दरबा के प्राथमिक शाला भवन में शेड निर्माण कार्य हेतु 06 लाख रुपये, ग्राम बोरिद के बजरंग चौक में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 03 लाख रुपये, तथा सहाड़ा देवता चौक में रंगमंच चबुतरा निर्माण हेतु 02 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। उक्त निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिलने पर जनपद अध्यक्ष खिलेश्वर देवांगन, उपाध्यक्ष हेमलता डुमेन्द्र साहू, जिला पंचायत सदस्यगण केशरी मोहन साहू, माखन कुर्रे, दुर्गा रॉय, अनिता थानसिंग साहू, मनीष नारंग सरपंच सेमरिया, उषा भुनेश्वर प्रसाद धीवर सरपंच भानसोज, दिनेश कोसरिया सरपंच गुमा, राजेश चन्द्राकर सरपंच छतौना, खेमीचंद साहू सरपंच मोहमेला, तेजराम साहू सरपंच परसदा(से), शिवकुमार गेंडरे सरपंच अछोली, डूगेश साहू सरपंच भैंसा, ईश्वर साहू सरपंच देवरतिल्दा, कृष्णाबाई टण्डन सरपंच चोरभट्ठी, विजय साहनी सरपंच सरपंच भोथली, गोपाल चतुर्वेदी सरपंच नकटा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया तथा मंत्री डॉ. डहरिया के प्रति आभार भी व्यक्त किया है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

श्रीराम कलेक्शन
बच्चों के आकर्षक रेडिमेड वस्त्रों के विक्रेता
जवाहर मार्केट केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई
789805563, 9827178585

● जीन्स ● टी-शर्ट ● शर्ट ● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

श्री सांई जींस कॉर्नर
ओम सांई कलेक्शन
■ मेन्स वेयर ■ किड्स वेयर ■ लेडिस वेयर ■ वेडिंग कलेक्शन
9827115003, 9806303000
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
फुल हाफ
वेज मोमोस 40/- 20/-
मनचुरियन मोमोस 50/- 30/-
पनीर मोमोस 60/- 30/-
मोमोस-10, 20 और 30 रु. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई


नाकोड़ा साड़ी सेंटर
एक्सक्लूसिव साड़ी शोरुम
फैंसी साड़ी, वैवाहिक साड़ियां डिजाईनर साड़ियां एवं सलवार सूट, लांचा
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

# संघर्ष के दिनों में पीजी में रहने वालीं कंगना के पास आज है करोड़ों की दौलत खुद का प्रोडक्शन हाउस भी खोल लिया



बेबाक अंदाज और शानदार अभिनय से कंगना रणौत ने लोगों के दिलों में अपनी एक अलग जगह बनाई है। बॉलीवुड इंडस्ट्री में कंगना रणौत किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस कंगना आज अपना 35वां जन्मदिन मना रही हैं। उन्होंने अपने करियर में एक से बढ़कर एक सफल फिल्में की हैं और यहां तक कि उन्हें पद्मश्री से भी सम्मानित किया जा चुका है, लेकिन एक समय ऐसा भी था, जब कंगना पीजी में रहा करती थीं। महज 17 साल की उम्र में वह अपने सपने को पूरा करने के लिए मुंबई आ गई थीं। स्ट्रगल के समय में कंगना के पास रहने के लिए भी घर नहीं था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और साल 2006 में फिल्म गैंगस्टर से उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा। इसके बाद से उन्होंने मुड़कर नहीं देखा और अपना मुकाम बनाती गईं। आज कंगना लग्जरी लाइफजीती हैं और उन्होंने अपने बल पर करोड़ों की संपत्ति बनाई है। तो चलिए जानते हैं कितनी है कंगना की नेटवर्थ-



### करोड़ों के घर में रहती हैं कंगना रणौत

आज कंगना रणौत की गिनती बॉलीवुड की सबसे अमीर हस्तियों में होती हैं। अगर बात करें कंगना की प्रॉपर्टी की तो उनके तीन घर हैं। मुंबई के खार वेस्ट स्थित ऑर्किड ब्रीज रोड पर बनी बिल्डिंग की पांचवी मंजिल पर कंगना रणौत के तीन आलीशान फ्लैट हैं। इसके अलावा होम टाउन मनाली में भी कंगना का आलीशान बंगला है।

### कंगना का खुद का प्रोडक्शन हाउस भी है

कंगना रणौत को अपने शानदार अभिनय के लिए तो जाना ही जाता है, इसके अलावा एक्टिंग से इतर उन्होंने खुद का प्रोडक्शन हाउस भी खोला है। इस प्रोडक्शन हाउस का नाम उन्होंने 'मणिकर्णिका फिल्म' रखा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कंगना का ये शानदार प्रोडक्शन हाउस 48 करोड़ की लागत से बना है। दरअसल कंगना ने मुंबई हिल स्थित बंगलो नंबर 5 को री-कंस्ट्रक्शन करने उसे वर्क स्टूडियो में तब्दील कर दिया है। हाल ही में बीएमसी की कार्रवाई की वजह से यह प्रोडक्शन हाउस काफी चर्चा में भी रहा था।

### कंगना की कुल संपत्ति

अगर बात कंगना की नेट वर्थ की करें तो एक रिपोर्ट के मुताबिक वह तकरीबन 96 करोड़ की संपत्ति की मालकिन हैं। वह साल में करीब 15 करोड़ रुपये कमाती हैं। कंगना की ज्यादातर कमाई एक्टिंग से होती है। इसके अलावा वह मॉडलिंग और ब्रांड एंडोर्समेंट से भी कमाई करती हैं। कंगना बॉलीवुड की सबसे महंगी एक्ट्रेस में शुमार हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्म थलाइवी के लिए 24 करोड़ रुपये चार्ज किए थे, इसके अलावा वह एक ब्रांड एंडोर्समेंट के लिए 3-3.5 करोड़ रुपये तक चार्ज करती हैं।

### कंगना के पास है इतने करोड़ का कार कलेक्शन

एक्ट्रेस कंगना रणौत बॉलीवुड की क्वीन तो हैं हीं इसके अलावा वह असल जिंदगी में भी लग्जरी क्वीन की तरह जीती हैं। उनके पास शानदार मर्सिडीज बेंज जीएलई क्लास एसयूवी है, जिसकी कीमत तकरीबन 1.25 करोड़ के आस-पास है। कंगना ने अपनी पहली कार भी बीएमडब्ल्यू की सीरीज की खरीदी थी।

# द कश्मीर फाइल्स: फिल्म देखने गईं महिलाओं से ऑटो ड्राइवर ने नहीं लिया किराया





### विवेक अग्निहोत्री ने वीडियो शेयर कर जताया आभार

देशभर में बीते कई दिनों से विवेक रंजन अग्निहोत्री की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' चर्चा में बनी हुई है। फिल्म कम समय में ही लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हो चुकी है। फिल्म के समर्थन में जहां कुछ लोग इसे देखने की अपील कर रहे हैं, तो वहीं कुछ लोग यह फिल्म देखने वालों को कई तरह के फायदे देते नजर आ रहे हैं। इसी बीच हाल ही में विवेक अग्निहोत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में एक ऑटो रिक्शा ड्राइवर नजर आ रहा है, जो 'द कश्मीर फाइल्स' देखने जा रहीं महिलाओं से किराया लेने से इनकार कर रहा है। वीडियो में ड्राइवर कहता है कि इस फिल्म के लिए यह उसकी जनसेवा है और यह फिल्म हर हिंदू को देखनी चाहिए।


सामने आए वीडियो में ऑटो रिक्शा ड्राइवर एक बुजुर्ग महिला से पैसे लेने से इनकार करता नजर आ रहा है। इस पर वहां मौजूद एक अन्य महिला जब ऑटो ड्राइवर से पैसे लेने को कहती हैं, तो वह हाथ जोड़कर कहता है- मुझे पैसे नहीं चाहिए। पर महिला कहती है कि हम आपको पैसे देंगे। इस पर ड्राइवर जवाब देते हुए कहता है कि आप 'द कश्मीर फाइल्स' देखने आए हैं, इसलिए मैं आपसे पैसे नहीं लूंगा।

ड्राइवर आगे कहता है कि दुनिया बहुत कुछ कर रही है। यह चीज होनी चाहिए। हर हिंदू को यह फिल्म देखनी चाहिए। इस पर महिला कहती है कि क्या आप इस फिल्म के लिए जन सेवा करेंगे। इस पर हामी भरते हुए ड्राइवर कहता है कि इस फिल्म के लिए मैं जन सेवा करूंगा। जो लोग 'द कश्मीर फाइल्स' फिल्म देखने जाएंगे, मैं उनकी सेवा में लगा रहूंगा।

वीडियो को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए विवेक रंजन अग्निहोत्री ने लिखा- 'भारत, मानवता, शत-शत नमन, कृतज्ञ।' वहीं, शेयर किए गए वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स अलग-अलग प्रतिक्रिया देते नजर आ रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा- मेरा देश बदल रहा है। वहीं एक अन्य ने लिखा, भारत की पहचान है मानवता। वहीं एक और यूजर ने प्रतिक्रिया देते हुए कमेंट किया- पहली बार है जब छोटे शहर के लोग भी फिल्मों का प्रचार कर रहे हैं। इसके अलावा अन्य कई लोग इस ऑटो ड्राइवर की तारीफ करते नजर आ रहे हैं।

फिल्म की बात करें तो 11 मार्च को 650 स्क्रीनों पर रिलीज हुई इस फिल्म की लोकप्रियता को देखते हुए अब इसकी स्क्रीनों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। फिल्म 90 के दशक में कश्मीर में हुए नरसंहार और कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है। फिल्म में अनुपम खेर, मिथुन चक्रवर्ती, दर्शन कुमार, पल्लवी जोशी, मृणाल कुलकर्णी जैसे कलाकार नजर आए हैं। फिल्म के कलेक्शन की बात की जाए तो इसने अभी तक वर्ल्ड वाइड करीब 200 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है।

# वीर सावरकर की बायोपिक में दिखेंगे रणदीप हुड्डा, निभाएंगे स्वतंत्रता सेनानी का दमदार रोल



अभिनेता रणदीप हुड्डा की शख्सियत जितनी शांत है, उनकी अदाकारी उतना ही शोर मचाती है. किरदार बड़ा हो या छोटा, हर किसी के दिल में रणदीप हुड्डा बसते हैं. अपने हुनर और लाजवाब अभिनय से बॉलीवुड में अपना सिक्का जमाने वाले रणदीप हुड्डा अब एक ऐतिहासिक किरदार निभाने जा रहे हैं, जिनकी कुर्बानियां उनकी शहादत को सलाम करती हैं. जी हां, स्वतंत्रता सेनानी 'वीर सावरकर' बनकर अब रणदीप उनकी अमर गाथा को अपने अभिनय के माध्यम से जीवंत करेंगे. इस फिल्म का निर्देशन महेश मांजरेकर करने जा रहे हैं. वहीं, रणदीप हुड्डा इस किरदार को निभाने के लिए काफी उत्साहित हैं.

### निर्माता संदीप सिंह और आनंद पंडित की पसंद हैं रणदीप हुड्डा

'सरबजीत' की बड़ी सफलता और आलोचनात्मक सफलता के बाद, निर्माता संदीप सिंह एक बार फिर से इंटरनेशनल फेम स्टार भारतीय अभिनेता रणदीप हुड्डा के साथ उनकी महत्वाकांक्षी फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' पर फिर से जुड़ चुके हैं. निर्माता आनंद पंडित और संदीप सिंह ने रणदीप को अपनी फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर के लिए भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के गुमनाम नायक के रूप में चुना है.

निर्माता संदीप सिंह हैरान हैं कि इतिहास की किताबों में वीर सावरकर का कभी उल्लेख नहीं किया गया. निर्माता संदीप सिंह का कहना है, भारत में बहुत कम अभिनेता हैं जो अपनी प्रतिभा से जादू बिखेर सकते हैं और रणदीप उनमें से एक हैं. वीर सावरकर को भारतीय इतिहास के सबसे विवादास्पद पात्रों में से एक मानते हुए, मैं केवल रणदीप के बारे में सोच सकता था. वीर सावरकर के योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है. मुझे आश्चर्य है कि हमारी इतिहास की किताबों में वीर सावरकर का कभी उल्लेख क्यों नहीं किया गया?

# 'लॉकअप' के घर में छिड़ा घमासान, सामने आया पायल और अंजलि का रौद्र रूप



'लॉकअप' को शुरू हुए तीन हफ्ते हो चुके हैं और चौथा हफ्ता शुरू होते ही 'लॉकअप हाउस' सभी ड्रामों के साथ और भी तीखा होता जा रहा है। सभी कंटेस्टेंट्स अपने गेम प्ले के जरिए सबको खूब एंटरटेन कर रहे हैं। पायल रोहतगी से लेकर अंजलि अरोड़ा तक हर कंटेस्टेंट अपना दम खम दिखा रहा है। 'लॉकअप' के लेटेस्ट एपिसोड में हमें कुछ ऐसा देखने को मिलेगा कि हमें यह घर किसी जंग के मैदान सा महसूस होगा।

### पायल और अंजलि की कैट फाइट

हाल में ही सामने आए शो प्रोमो में देखने को मिला कि अंजलि अरोड़ा और पायल रोहतगी की कैट फाइट हो जाती है। दरअसल 'लॉकअप' में एक टास्क के दौरान पायल और अंजलि आपस में भिड़ जाती हैं और टास्क का सारा सामान गुस्से में फेंक देती हैं। इस वीडियो में दोनों का एक हिंसक रूप देखने को मिल रहा है।

### प्रोमो में दिखा वॉयलैंट अंदाज

कंगना रणौत के शो के इस प्रोमो को मेकर्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए लिखा, लॉकअप में क्रॉस हुई एक और बाउंड्री, अंजलि अरोड़ा और पायल रोहतगी हुए एक-दूसरे के साथ हिंसक। आज रात 10:30 बजे देखें लॉकअप।

### पायल को शो से निकालने की मांग

इस वीडियो में पायल काफी गुस्से में नजर आ रही हैं, जिसमें वह अंजलि से गुथम- गुथा करती दिखाई दे रही हैं। अंजलि उनका हाथ पकड़ लेती हैं, तो पायल जोर-जोर से उनसे उनका हाथ छोड़ने के लिए कहती दिख रही हैं। लेकिन, जब अंजलि उनका हाथ नहीं छोड़ती तो पायल उनके हाथ पर काट लेती हैं। इस वीडियो को देख फैंस पायल से काफी गुस्सा नजर आ रहे हैं और उन्हें 'शो से निकालने' के लिए लगातार कमेंट कर रहे हैं।

### दोनों में पहले भी हो चुकी है लड़ाई

इससे पहले भी पायल और अंजलि आपस में लड़ती नजर आ चुकी हैं। उस समय अंजलि ने पायल को उनकी उम्र को लेकर ताना मारा था, जिसपर दोनों की भिड़ंत हो गई थी।

### जॉन अब्राहम स्टारर 'अटैक' का दूसरा ट्रेलर रिलीज

एक्टर जॉन अब्राहम स्टारर अटैक का दूसरा ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। जॉन ने खुद सोशल मीडिया पर फिल्म का ट्रेलर फैंस के साथ शेयर किया है। जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, इट्स टाइम फॉर वन फाइनल 'अटैक'। ट्रेलर-2 आउट। फिल्म को 1 अप्रैल 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। लक्ष्य राज आनंद के डायरेक्शन में बनी इस एक्शन फिल्म में जैकलीन फर्नांडीज, रकुल प्रीत सिंह, प्रकाश राज और रत्ना पाठक शाह भी लीड रोल में हैं।

# AskJV: शादी कब करोगे बड़े भाई? छत्तीसगढ़ी एक्टर जागेश वर्मा ने दिया मजेदार जवाब



श्रीकंचनपथ न्यूज

छत्तीसगढ़ी एक्टर्स सोशल मिडिया में काफी एक्टिव रहते है और एक्टर्स अपने फैंस से बात भी करते है। ऐसे ही मंगलवार 22 मार्च को छत्तीसगढ़ी एक्टर जागेश वर्मा ने अपने इंस्टाग्राम आईडी में स्टोरी डालकर अपने फैंस से बात करने के लिए इंस्टाग्राम की स्टोरी पर छत्तीसगढ़ी भाषा में लिखा की ''चलो आज कुछ बात किया जाए''। यह स्टोरी डालते ही छत्तीसगढ़ी एक्टर जागेश वर्मा के फैंस ने स्टोरी पर सवाल करना शुरू कर दिया।

वही, एक फैन ने जागेश वर्मा से पूछ लिया कि शादी कब करोगे बड़े भाई? तो एक्टर जागेश वर्मा ने मजेदार जवाब देते हुए का की शादी करने का तो अभी कोई प्लान नहीं है भाई जब भी शादी करना होगा या करूंगा तो पोस्ट डालूंगा लाइक कर देना।

वही, दूसरे फैन ने पूछा की फिल्म सिंदूर का कितने दिन का शूटिंग बचा है? तो एक्टर ने जवाब दिया की फिल्म सिंदूर का शूटिंग लगभग कंप्लीट हो गया है बस थोड़- बहुत सीन और गाना शूट करना बचा है, और मेरा तो सिर्फ1 ही दिन का शूटिंग बचा है देखो कब होता है वह सूट।

साथ ही एक्टर ने बताया की फिल्म सिंदूर उनकी फर्स्ट फिल्म है और इसी साल 2022 में रिलीज होगी। और कहा- आप सब थोड़ा सा सब्र कर लो जल्द ही अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल में रिलीज डेट पोस्ट करके बताऊंगा।


जागेश ने बताया की फिल्म सिंदूर में उनका किरदार सैकेंड लीड का है और फिल्म में उनकी को-एक्टर पूजा चौधरी हैं। उन्होंने बताया कि फिल्म सिंदूर में काम करके बहुत अच्छा लगा, बहुत कुछ सीखने को मिला और बहुत मजा आया।















## खास खबर

### विश्व जल दिवस के अवसर पर वनमण्डल द्वारा रिचार्ज पिट निर्माण का किया गया शुभारंभ

**रायपुर।** विश्व जल दिवस 22 मार्च के अवसर पर वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में जल संरक्षण हेतु वनक्षेत्रों में वाटर रिचार्ज पिट के निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया गया। जिसके अंतर्गत दक्षिण कोंडागांव वनमंडल के 07 वन परिक्षेत्रों में आने वाले विभिन्न वनखण्डों में 60 हजार वाटर रिचार्ज पिट खुदाई कर जल संरक्षण हेतु संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। आज वनमंडलाधिकारी दक्षिण कोण्डागांव वनमंडल उत्तम कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बम्हनी अंतर्गत आरएफ842 में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वॉटर रिचार्ज पिट के कार्यों का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही माकड़ी परिक्षेत्र के आरएफ 145 में भी वॉटर रिचार्ज पिट खनन कार्यों का शुभारंभ किया गया। इस संबंध में डीएफओ श्री गुप्ता ने बताया कि वॉटर रिचार्ज पिट के द्वारा वर्षा के जल को छोटे-छोटे 01 घन मीटर नाप के गढ्ढ़ों के माध्यम से संरक्षित किया जायेगा। यह गढ्ढ़े वर्षा के जल को अवनालिकाओं के माध्यम से भूमि का क्षरण को रोकने के साथ पानी को व्यर्थ बहने के स्थान पर उसे भूमि में पुन: रिचार्ज करने का कार्य करेंगे।

### निर्माण कार्यों को प्राथमिकता और गंभीरता से पूरा करें - कलेक्टर

**धमतरी।** कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने ज़िले में निर्माण कार्यों में लगे सभी विभागों को निर्देशित किया है, कि निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरी गंभीरता से समय सीमा में करें। उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल और विद्युत की निर्बाध आपूर्ति के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी ज़ोर दिया है। आज सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आहूत समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत को कार्यालय में शिकायत पंजी संधारित करने कहा है, जिसमें पेयजल की आपूर्ति संबंधी शिकायत ग्रामीण दर्ज करा सकें। साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैदानी अमले को इनका तत्परता से समाधान करने के सख्त निर्देश कलेक्टर ने दिए। इसी तरह गर्मी के मौसम में विद्युत आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने पर भी कलेक्टर ने जोर दिया है। इसके लिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर सहित आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश कलेक्टर ने कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग को बैठक में दिए। कलेक्टर ने सभी विभागों के मैदानी अमले से कहा है कि वे अपने विभागीय दायित्व का गंभीरता से निर्वहन करें, जिससे आमजनों के लिए संचालित योजनाओं का उन्हें पूरा-पूरा लाभ मिल सके। अपने अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका अद्यतन रखें।

# अयोध्या में महकेगी छत्तीसगढ़ देवभोग धान की खुशबू

## श्रीराम लला को लगेगा छत्तीसगढ़ देवभोग का भोग, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय पुरारि सीड्स को 120 क्विंटल बीज उपलब्ध कराएगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित धान की उन्नत किस्म छत्तीसगढ़ देवभोग की खुशबू उत्तरप्रदेश के अयोध्या तथा आस-पास के क्षेत्रों में भी महकेगी।



इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल की उपस्थिति में आज यहां कृषि विश्वविद्यालय एवं पुरारि सीड्स कम्पनी अयोध्या के बीच पूर्व में हुए समझौते के तहत कृषि विश्वविद्यालय द्वारा पुरारि सीड्स को देवभोग धान के 120 क्विंटल बीज उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। यह बीज अयोध्या और आस-पास के 1200 एकड़ खेतों में लगाए जाएंगे। इस अवसर पर संचालक अनुसंधान एवं प्रक्षेत्र डॉ. पी.एल. चन्द्राकर, सह संचालक अनुसंधान डॉ. विवेक त्रिपाठी एवं प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ. एच.एल. सोनबोइर भी उपस्थित थे। संचालक अनुसंधान डॉ. पी.एल. चन्द्राकर ने पुरारि सीड्स कम्पनी के संचालकों को छत्तीसगढ़ देवभाग धान उत्पादन की टेक्नोलॉजी के साथ ही हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। पुरारि सीड्स कम्पनी के संचालक श्री रामगोपाल तिवारी ने इस अवसर पर बताया कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित फसलों की नवीन प्रजातियों से प्रभावित होकर उन्होंने छत्तीसगढ़ देवभोग किस्म को अयोध्या तथा आस-पास के 1200 एकड़ क्षेत्र में लगाने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय से क्रय किये गये बीज किसानों को फसल उत्पादन हेतु वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि देवभोग चावल का उपयोग श्री राम लला के भोग हेतु करने के संबंध में उनकी श्री राम जन्म भूमि न्यास के अधिकारियों से चर्चा भी हुई है।

उल्लेखनीय है कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा धान की स्वर्णा एवं जीराशंकर प्रजातियों के संकरण से विपुल उत्पादन देने वाली उन्नत किस्म छत्तीसगढ़ देवभोग विकसित की गई है। यह मध्यम अवधि (135 से 140 दिन) की प्रजाति ब्राऊन स्पॉट, शीथरॉट, टूंगरो आदि बीमारियों तथा तनाछेदक कीट के प्रति सहनशील है। इसके दाने मध्यम पतले आकार के तथा दाने की रिकवरी 67 प्रतिशत है।

इसके दानों में हल्की सुगंध के साथ ही अच्छी मात्रा में ऐमाईलोज़ (24.5 प्रतिशत) है जिसके कारण पकने के बाद चावल काफी मुलायम होता है। इस किस्म की औसत उपज 40 से 45 क्विंटल प्रति हैक्टेयर है। केन्द्रीय बीज विमाचन उप समिति नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ देवभागे किस्म को छत्तीसगढ़ के साथ-साथ उत्तरप्रदेश राज्य के लिए भी अनुशंसित किया गया है।

# पद्म पुरस्कार विजेताओं ने पहली बार नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

नई दिल्ली (पीआईबी)। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कल राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में वर्ष 2022 के लिए 2 पद्म विभूषण, 8 पद्म भूषण और 54 पद्म पुरस्कार प्रदान किए। नागरिक अलंकरण समारोह का आयोजन 28 मार्च को किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार सरकार की पहल के अंतर्गत कल सम्मानित किए गए पद्म पुरस्कार विजेताओं ने आज राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा किया।



पुरस्कार विजेताओं ने स्मारक के प्रांगण का भ्रमण किया और वे रक्षा बलों के उन कर्मियों के नामों के भी प्रत्यक्षदर्शी बने जिन्होंने वर्षों से सर्वोच्च बलिदान देकर देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। पुरस्कार विजेताओं ने इस यात्रा के आयोजन के लिए सरकार की पहल और राष्ट्रीय राजधानी में स्मारक को आमजन और बच्चों के भ्रमण स्थल के रूप में लोकप्रिय बनाने के प्रयासों की भी सराहना की। पुरस्कार विजेताओं ने अनुभव किया कि स्मारक की यात्रा से देशभक्ति, कर्तव्य के प्रति समर्पण, साहस और बलिदान के मूल्यों को विकसित करने और राष्ट्रवाद की भावना जगाने में मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 फरवरी, 2019 को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (एनडब्ल्यूएम) को राष्ट्र को समर्पित किया था। यह स्वतंत्रता के पश्चात वीर सैनिकों द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान का प्रमाण है। स्मारक में शाश्वत लौ प्रज्ज्वलित है जो एक सैनिक के द्वारा अपने कर्तव्य की दिशा में किए गए सर्वोच्च बलिदान का उदाहरण है और उसे अमर बनाती है। इसके उद्घाटन के बाद से, सभी श्रद्धांजलि समारोह केवल एनडब्ल्यूएम में आयोजित किए जाते हैं, जिनमें राष्ट्रीय दिवस भी शामिल हैं। हर शाम, नेक्स्ट-ऑफ-किन (एनओके) समारोह का आयोजन किया जाता है। आयोजन के दौरान शहीद नायक के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए एनओके सैनिक द्वारा उन्हें स्मारक पर माल्यार्पण किया जाता है। देश-विदेश के गणमान्य व्यक्तित्व अपने कार्यक्रम के अनुरूप एनडब्ल्यूएम का दौरा करते हैं और देश के बहादुर जवानों को अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं। कल पद्म पुरस्कार प्राप्त करने वाले विजेताओं के कार्य क्षेत्र यह दर्शाते हैं कि यह इस दिशा में पूरी प्रक्रिया को बदलने के लिए सरकार द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय का परिणाम है। इसमें समाज को निस्वार्थ सेवा देने वाले लोगों को पहचानने पर बल दिया जा रहा है। प्रौद्योगिकी के उपयोग और ऑनलाइन नामांकन के शुभारंभ ने इस प्रक्रिया को व्यापक स्तर पर लोगों के लिए सरल और सुलभ बना दिया है और पद्म पुरस्कार, 2022 के लिए रिकॉर्ड 4.80 लाख से अधिक नामांकन प्राप्त हुए हैं। स्व-नामांकन, ऑनलाइन नामांकन, बड़ी संख्या में गुमनाम नायकों के चयन एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया ने पद्म पुरस्कारों को ''नागरिकों के पद्म'' में परिवर्तित कर दिया है।

पुरस्कार विजेताओं की उपलब्धि का उत्सव मनाने के लिए, केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कल नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में अलंकरण समारोह के पश्चात पुरस्कार विजेताओं और उनके परिजनों के साथ वार्तालाप किया। बातचीत के बाद पद्म पुरस्कार विजेताओं के सम्मान में केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा आयोजित रात्रिभोज का भी आयोजन किया गया।

# प्रदूषण कम करने और रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर को गति देने 62 हजार करोड़ रुपये की परियोजना : गडकरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)।** सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि राजधानी दिल्ली में प्रदूषण की समस्या से निपटने और रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए 62 हजार करोड़ रुपये की परियोजना पर काम चल रहा है।



लोकसभा में वर्ष 2022-23 के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए गडकरी ने राजधानी में लगने वाले जाम का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार से उन्हें और अन्य लोगों को पहले यहां हवाई अड्डा जाने और वहां से आने के क्रम में धौलाकुआं में ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि हम प्रदूषण को कम करने की दिशा में काम कर रहे हैं और विभाग दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए 62 हजार करोड़ रुपये खर्च कर रहा है जिसमें शहर के बाहर रिंग रोड एवं अन्य सड़कों का निर्माण किया जा रहा है।

सड़क सम्पर्क में बेहतरी को रेखांकित करते हुए गडकरी ने कहा कि अब दिल्ली से मेरठ जाने में सिर्फ 40 मिनट लगते हैं जबकि पहले चार घंटे लगते थे। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद निर्माण की लागत को कम करना है और गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि अब प्रतिदिन 38 किलोमीटर की दर से सड़कों का निर्माण किया जा रहा है जो एक रिकॉर्ड है। उन्होंने यह भी साफ किया कि इस मामले में सड़क की लंबाई उसी तरह मापी जाती है जिस तरह संप्रग सरकार के समय किया जाता था।

गडकरी ने कहा कि आज देश की सबसे बड़ी समस्या लॉजिस्टिक लागत है, रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण कच्चे तेल के दाम फिर बढ़ गए हैं और इसके कारण चीजों की कीमत भी बढ़ रही हैं। मंत्री ने कहा कि लॉजिस्टिक की लागत चीन में 8 से 10 प्रतिशत है, जबकि अमेरिका एवं यूरोपीय देशों में यह 12 प्रतिशत है।

उन्होंने कहा कि कम दूरी के मार्ग बनने से कोई ट्रक अगर दिल्ली से मुंबई 50 घंटे की जगह 22 घंटे में पहुंचेगा, तो इससे समय बचेगा और डीजल बचेगा। गडकरी ने कहा कि यात्रा में कम समय लगने से पेट्रोल बचता है और प्रदूषण भी कम होता है। गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने के लिए निर्यात बढ़ाना होगा और इसके लिए अंततरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बनना होगा और लॉजिस्टिक लागत कम करनी होगी। उन्होंने कहा कि इस दिशा में ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे से जाम कम होगा, लॉजिस्टिक लागत कम होगी और ईंधन बचेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे 22 ग्रीन एक्सप्रेस हाइवे बन रहे हैं।

# राज्य में 17 लाख 50 हजार 200 हेक्टेयर में हो चुकी रबी फसलों की बोनी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राज्य में रबी फसलों की 17 लाख 50 हजार 200 हेक्टेयर में बुआई हो चुकी है, जो कि इस साल रबी सीजन के लिए निर्धारित लक्ष्य का 95 प्रतिशत है। इस साल 18 लाख 50 हजार हेक्टेयर रकबे में रबी फसल की बोनी का लक्ष्य है। रबी सीजन के अंतर्गत अब तक अनाज की बोनी 4 लाख 98 हजार 770 हेक्टेयर में, दलहन की बोनी 8 लाख 12 हजार 960 हेक्टेयर में तथा तिलहन की बोनी 2 लाख 33 हजार 510 हेक्टेयर में हो चुकी है।

कृषि विभाग के अपर संचालक श्री एस.सी. पदम ने बताया है कि अब तक राज्य में 2 लाख 31 हजार 830 हेक्टेयर में गेहूं, एक लाख 18 हजार 390 हेक्टेयर में मक्का, 10 हजार 920 हेक्टेयर में जौ-ज्वार तथा एक लाख 29 हजार 310 हेक्टेयर में मोटे अनाज की बोनी पूरी कर ली गई है। दलहनी फसलों की बुआई 8 लाख 12 हजार 960 हेक्टेयर में हुई है, जिसमें चना की 3 लाख 88 हजार 900 हेक्टेयर में, मटर की 48 हजार 600 हेक्टेयर में, मसूर की 32 हजार 30 हेक्टेयर में, मूंग की 27 हजार 680 हेक्टेयर में, उड़द की 20 हजार 590 हेक्टेयर में, तिवड़ा की 2 लाख 66 हजार 680 हेक्टेयर में, कुल्थी की 21 हजार 790 हेक्टेयर में तथा अन्य दलहन फसलों की 6 हजार 690 हेक्टेयर में बुआई पूरी कर ली गई है, जो कि दलहन फसलों की बोनी के लिए निर्धारित लक्ष्य का 93 प्रतिशत है। इसी प्रकार राज्य में 21 मार्च की स्थिति में तिलहनी फसलों की बुआई 2 लाख 33 हजार 510 हेक्टेयर में हो चुकी है, जिसके अंतर्गत अलसी की बुआई 44 हजार 760 हेक्टेयर में, राई सरसों की एक लाख 51 हजार 550 हेक्टेयर में, तिल की 1460 हेक्टेयर में, सूरजमुखी 4160 हेक्टेयर, कुसुम की 6040, मूंगफली की 25080 तथा अन्य तिलहनी फसल की बोनी 460 हेक्टेयर में पूरी हो चुकी है, जो कि तिलहन फसलों की बोनी के लक्ष्य का 78 प्रतिशत है।

# राज्यपाल अनुसुईया उइके ने जिला अधिवक्ता संघ छिंदवाड़ा के नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके जिला अधिवक्ता संघ छिंदवाड़ा के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुई। सुश्री उइके ने जिला न्यायालय परिसर छिंदवाड़ा में आयोजित समारोह में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और उन्हें पद व कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।




शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि समाज के जरूरतमंदों को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं का बहुत बड़ा योगदान होता है। न्यायपालिका का कार्य न्याय का संरक्षण करना है, जिसमें अधिवक्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। न्याय की तलाश में लोग दूर-दूर से न्यायालय की चौखट तक आते हैं। ऐसे में पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके, इस दिशा में अधिवक्ताओं को पहल करने की आवश्यकता है। जनसामान्य में देश की न्याय व्यवस्था के प्रति गहरी आस्था एवं विश्वास है। अपराधियों को दण्ड दिलाने और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाकर ही नागरिकों के इस भरोसा को कायम रखा जा सकता है। आज लाखों प्रकरण न्यायालय में लम्बित पड़े हैं। सभी अधिवक्ताओं से मेरा आग्रह है कि इन प्रकरणों का शीघ्र निपटारा करने में सहयोग कर त्वरित न्याय प्रदान करने की दिशा में अपना योगदान दें। इस अवसर पर छिंदवाड़ा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जे. के. शर्मा, पूर्व मंत्री श्री चंद्रभान सिंह, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री सत्येंद्र कुमार वर्मा एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारी सहित अधिवक्तागण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।
































## खास-खबर

### रायपुर के बैजनाथपारा में चाकूबाजी, बिरयानी सेंटर में खाना खाते समय अज्ञात ने किया हमला

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर में चाकूबाजी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। यहां लगातार पुलिस की कड़ी कार्रवाई के बावजूद अपराधियों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। ऐसा ही मामला शहर के बैजनाथपारा इलाके में सामने आया है। यहां मंगलवार की आधी रात को चाकूबाजी की घटना हुई। इस घटना में सरफराज खान नामक युवक पर चाकू से हमला करने वाले अज्ञात आरोपितों ने घायल कर दिया। जानकारी के मुताबिक यहां मन्नत बिरयानी सेंटर में खाना खाते समय चाकू से हमला किया गया है। कोतवाली थाना इलाके में हुई इस घटना के बाद मामला दर्ज कर लिया है। वहीं अज्ञात आरोपित घटना के बाद से फरार है।

### इलेक्ट्रानिक दुकान से लाखों का कापर वायर चोरी

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर के खमतराई क्षेत्र की एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान से लाखों के कापर वायर चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक श्रीशुभ रेजिडेंसी पाटीदार भवन के सामने रहने वाले पीड़ित किशोर पटेल के घर के पास ही इलेक्ट्रिकल वकर्स के नाम से दुकान है। रविवार को दोपहर 12:00 बजे पीढ़ी दुकान बंद कर घर चले गए। दूसरे दिन सोमवार की सुबह 5:00 बजे जब वह अपनी दुकान की ओर आए तो देखा कि शटर आधा उठा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। छोटे बड़े डब्बे में रखे करीब कापर वाइंडिंग वायर की चोरी हो गई थी। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग एक लाख 95 हजार रुपये है।

### ऑनलाइन बिजली बिल भुगतान का झांसा देकर जिला अस्पताल के डाक्टर से ठगी

**रायपुर ( ए )।** बिजली बिल ऑनलाइन भुगतान करने का झांसा देकर जिला अस्पताल के डाक्टर से एक लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी हो गई। ठग ने डाक्टर को फोन करके बिजली बिल भुगतान नहीं होने का झांसा दिया। उन्हें एक लिंक भेजा, जिसमें पैसा जमा करने के लिए कहा। डाक्टर ने जैसे ही लिंक में क्लिक किया, मोबाइल हैंग हो गया। उसके बाद खाते से दो किश्त में पैसा निकल गया। उन्होंने तुरंत खाता ब्लाक कराया। उसके बाद पुलिस में शिकायत की। डीडी नगर पुलिस ने बताया कि डॉ. निलय मोझकर से जिला अस्पताल में पदस्थ हैं। उनके पास शनिवार को फोन आया। फोन धारक ने खुद को बिजली कंपनी का अधिकारी बताया। ठग ने डाक्टर को झांसा दिया कि बिजली बिल का भुगतान नहीं होने पर लाइन काट दी जाएगी। ठग ने ऑनलाइन के जरिए बिल भुगतान करने की बात कही। और एक लिंक डाक्टर को भेजा। ओपन करते ही पैसे कट गए।

#### ट्रक ने GTP प्लांट के कर्मचारी को कुचला

# साइकिल से सुबह ड्यूटी पर जा रहा था, गुस्साए लोगों ने सड़क पर शव रख लगाया जाम

**कोरबा (ए)।** कोरबा में बुधवार सुबह जीटीपी कर्मचारी को ट्रक ने कुचल दिया। वह साइकिल से ड्यूटी के लिए कंपनी जा रहा था। हादसे के बाद लोग भड़क गए। उन्होंने शव रख सड़क पर जाम लगा दिया है और मुआवजे की मांग कर रहे हैं। इसके चलते वाहनों की लंबी लाइन लग गई है। वहीं हादसे के बाद ट्रक चालक भाग निकला। हादसा हरदी बाजार चौकी क्षेत्र में हुआ है।



जानकारी के मुताबिक, छोहियापारा निवासी केशव जाटवर (36) जीटीपी कंपनी में काम करता था। रोज की तरह वह बुधवार सुबह भी प्लांट जा रहा था। इसी दौरान कोरबा-बलौदा मार्ग पर हरदी रिसोर्ट के पास तेज रफ्तार ट्रक उसे कुचलता हुआ निकल गया। हादसे में केशव की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद राहगीरों और ग्रामीणों ने वहीं सड़क पर जाम लगा दिया है।

ग्रामीण और राहगीर मांग कर रहे हैं कि मृतक के परिजन को उचित मुआवजा और ट्रेलर चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाए। जाम के चलते वाहनों की लाइन लगी हुई है। इसमें पंचायत सभापति और दफ्तर जाने वाले लोग भी फंस गए हैं। फिलहाल सूचना मिलने पर हरदी बाजार चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई है और लोगों को समझाने का प्रयास कर रही है। हालांकि लोग अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं।

## लूटेरों का आतंक, बाइक चालक को घेरकर लूटा



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में अपराधों पर लगाम कसने लगातार पुलिस कार्रवाई कर रही है। बावजूद इसके अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे किसी भी वारदात को अंजाम देने से पहले नहीं सोचते। ऐसा ही मामला वीआइपी क्षेत्र में लूटेरों के आतंक का मामला सामने आया है। बाइक चालक को रोककर उससे लूट की वारदात को अंजाम दिया गया।

सिविल लाइन थाना पुलिस ने चार आरोपितों को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। सिविल लाइन थाने में शनि शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शनि का मोबाइल और चार हजार रुपये लूट लिया गया था। घटना का सीसीटीवी वीडियो पुलिस के हाथ लगा है, जिसमें सब कुछ साफ दिख रहा।

घटना 20 मार्च तड़के सुबह चार बजे की है। बाइक सवार सुबह-सुबह तेलीबांधा से जय स्तंभ की ओर जा रहा था। इस दौरान दो गाड़ियों में आए चार बदमाशों ने घेर कर घेर लिया। पीड़ित से पैसे की मांग करने लगे। नहीं देने पर बाइक सवार को गाड़ी से उतार मारपीट शुरू कर दी। 10 मिनट तक यह सब चलता रहा। लूटेरे मारपीट करते रहे।

बाइक चालक खुद को बचाने में लगा रहा। उसके पास से बदमाशों ने मोबाइल और पैसे लूट लिए। किसी तरह पीड़ित उनके चंगुल से भागकर खुद को बचाया। लूट की वारदात करने के बाद आरोपित फरार हो गए। पुलिस को सूचना मिलने के बाद वहां लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई।

## कैशबैक का झांसा देकर एसईसीएल कर्मी से एक लाख की धोखाधड़ी

**बिलासपुर ( ए )।** वसंत विहार निवासी एसईसीएल कर्मी को कैशबैक का झांसा देकर एक लाख 69 हजार र्स्पये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जालसाजों ने ओटीपी पूछकर खाते से र्स्पये निकाले। धोखाधड़ी की आशंका पर एसईसीएल कर्मी ने अपना कार्ड ब्लाक करवाया। पीड़ित की शिकायत पर सरकंडा पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। सरकंडा के वसंत विहार कालोनी में रहने वाले के प्रवीण कुमार एसईसीएल कर्मी हैं। उनके मोबाइल पर 11 जनवरी की शाम अनजान नंबर से काल आया। फोन करने वाले ने खुद को सिटी बैंक का अधिकारी बताया।

उसने उनके क्रेडिट कार्ड में 10 हजार र्स्पये का कैशबैक देने का झांसा दिया। कैशबैक की रकम को खाते में जमा करने के लिए उसने मोबाइल पर आए ओटीपी को मांगा। जालसाज के कहने पर उन्होंने ओटीपी बता दिया। इस तरह उसने एसईसीएल कर्मी से पांच बार ओटीपी मांगा। धोखाधड़ी की आशंका पर उन्होंने काल काटकर बैंक में फोन लगाया। बैंक के कस्टमर केयर में फोन लगाकर उन्होंने अपने कार्ड को ब्लाक करने के लिए कहा। इस बीच उनके एकाउंट से पांच बार में एक लाख 69 हजार र्स्पये निकाल लिए गए थे। पीड़ित ने इसकी सरकंडा थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### जागरूक करने पुलिस चला रही अभियान

साइबर ठगी के बढ़ रहे मामलों के बीच पुलिस की ओर से ग्रामीण क्षेत्र में जानबो त बाचबो अभियान चला रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को कोटा पुलिस की ओर से ग्राम सलका में कार्यक्रम आयोजित कर गांव वालों को ठगी से बचने जागरूक किया गया। पुलिस ने ग्रामीणों को बताया कि अनजान नंबर से आए काल में बैंक डिटेल और एटीएम की गोपनीय जानकारी देने से धोखाधड़ी हो सकती है। पुलिस ने ग्रामीणों को फोन पर आए मैसेज पर आए इनाम के लालच में नहीं पड़ने के लिए कहा। साथ ही मोबाइल पर आए ओटीपी को किसी भी व्यक्ति को बताने से मना किया। एएसपी रोहित झा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग इनाम के लालच में आकर ठगी का शिकार हो रहे हैं। इससे बचाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

#### पेड़ पर लटका मिला प्रेमी जोड़े का शव

## गौरेला-पेंड्रा-मरवाही से चार महीने पहले भाग गए थे, होली पर लौटे थे दोनों


**पेंड्रा ( ए )।** गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में एक प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। दोनों के शव एक ही पेड़ से रस्सी के सहारे लटके हुए मिले। ग्रामीणों ने सोमवार देर शाम शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद मंगलवार को मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को नीचे उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला पेंड्रा थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, बस्तिबगरा पीपर बहरा गांव से लगे जंगल में सोमवार शाम को कुछ ग्रामीण मवेशी चराकर लौट रहे थे। तभी उन्होंने एक पेड़ पर रस्सी के सहारे युवक-युवती के शव लटके देखे। इस पर ग्रामीणों ने जानकारी गांव के कोटवार को दी। कोटवार ने पुलिस को सूचना दी। हालांकि शाम ज्यादा हो जाने के कारण पुलिस टीम अगले दिन मंगलवार को जंगल के लिए रवाना हुई।

पुलिस ने दोनों शवों की शिनाख्त करवाई तो पता चला कि युवती निरसिया पैकरा पास के गांव रामगढ़ की रहने वाली थी। वह पिपरबहरा गांव निवासी शादीशुदा युवक महेश कुशराम के साथ अक्टूबर में हैदराबाद भाग गई थी। वहां से होली पर ही दोनों अपने गांव लौटे थे। बताया जा रहा है कि लौटने के बाद परिवार वालों से उनका विवाद भी हुआ था। इसके बाद दोनों के शव मिले।

## चार साल की मासूम से दुष्कर्म मामले में कोर्ट ने सुनाई आरोपी को उम्र कैद की सजा



**रायपुर ( ए )।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शुभ्रा पचौरी की अदालत ने चार साल की मासूम बालिका से दुष्कर्म और अपहरण करने के मामले में दोषसिद्धि पर उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि आरोपित संतोष तिवारी को उम्रकैद की सजा उसके शेष जीवनकाल के लिए होगी। आरोपित पर 50 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। लोक अभियोजक मोरिशा छत्तरी ने मामले की पैरवी की।

घटना 2019 की गुढियारी थाना क्षेत्र की है। पीड़िता के पिता पूरे परिवार के साथ गुढ़ियारी स्थित शादी भवन में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। इस दौरान रात 10.30 बजे चार की नाबालिग अचानक से लापता हो गई। आस-पास खोजने के बाद भी नहीं मिली। साढे 11 बजे आरोपित शादी घर से कुछ दूरी पर नाबालिग को छोड़कर भाग गया। बच्ची को छोड़कर भागते भवन के बाहर खड़े लोगों ने देख लिया। रुकने के लिए भी कहा मगर वह अपनी दो पहिया वाहन से भाग गया। मासूम को लेकर परिजन थाने पहुंचे और गुढियारी थाना पुलिस की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अपहरण और दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। शादी भवन में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई। आरोपित बच्ची को ले जाते दिखा। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके बाद कोर्ट ने आरोपित के खिलाफ फैसला सुनाया।

# राजिम मेले से थी बच्चा चोरी की योजना, फेल होने पर मंदिर के सामने से उठाया

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर के सिविल लाइन इलाके से बच्चा चोरी के मामले में कई नए राज सामने आए हैं। पकड़े गए आरोपितों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि उन्होंने कोई बच्चा चुराने के लिए छह से सात जगह रेकी कर रखी थी। इस नीयत से इरफान, शेर खान और उसकी पत्नी मुमताज बानो राजिम मेले में भी गए थे कि भीड़भाड़ वाली जगह से कोई बच्चा चुरा लेंगे, लेकिन वहां वे असफल रहे।

इसके बाद रायपुर के सिविल लाइन इलाके के राजेंद्र नगर से बूढ़ी माई मंदिर के पास से तीन साल के बच्चे का अपहरण कर ले गए। देहरादून और इटारसी से पकड़े गए आरोपितों को पुलिस रायपुर लेकर पहुंची। मुख्य आरोपित इरफान खान, सलीम अहमद और शेर खान उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार किया गया है। वहीं शेर खान की पत्नी मुमताज बानो को भी आरोपित बनाया गया है। वह अपहरण की योजना में शामिल थी। उसे पांच हजार रुपये दिए गए थे। सभी आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

राजिम मेले से बच्चा चोरी की योजना फेल होने के बाद इरफान और शेर खान ने शहर की अलग-अलग जगहों में रेकी की। इसके बाद लगातार रात में घूमना शुरू किया। कई बस्तियों में घूम-घूम कर गरीबों के बच्चों को निशाने पर रखा था। नौ मार्च की रात मौका पाते ही मासूम सुभाष सोनवानी का अपहरण कर वे फरार हो गए थे। दस दिनों में पुलिस ने देहरादून में उन्हें खोज निकाला।




### बाइक पर ट्रैक्टर का नंबर

इरफफान इससे पहले भी कई बार चोरी के मामले में जेल जा चुका है। उसने पुलिस से बचने के लिए सारे रास्ते खोजे थे। वारदात को अंजाम देने के पहले उसने नया मोबाइल नंबर लिया। इसके बाद जिस गाड़ी से वारदात को अंजाम दिया, उसकी नंबर प्लेट में ट्रैक्टर का नंबर लिखाया, ताकि पता न चल सके।

### 50 हजार में बेचा था बच्चे को

इरफान ने रिश्ते के साले सलीम अहमद को 50 हजार रुपये में बच्चे को बेच दिया था। काम होने के बाद इरफान ने 20 हजार रुपये शेर खान को दिए थे। देहरादून में इरफान को सलीम के पकड़े जाने के बाद रायपुर निवासी शेर खान अपनी पत्नी मुमताज के साथ फरार हो रहा था। इटारसी में उसे रेलवे पुलिस की मदद से पकड़ा गया।


कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.)
जय स्तंभ चौक बेमेतरा
दूरभाष क्र. 07824-222019 फैक्स क्र. 07824-222018
Email:- ee.bemetara@gov.in
निविदा निरस्तीकरण सुचना
इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा विज्ञप्ति क्र 39 दिनांक 14.03.2022 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।
कार्यपालन अभियन्ता लोक निर्माण विभाग बेमेतरा संभाग बेमेतरा
जी-68893/5


#### तालाब में डूबने से 6 साल के बच्चे की मौत

## घर के बाहर खेलते-खेलते तालाब के पास पहुंचा था

**भिलाई।** 6 साल के एक बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि वह अपने दोस्त के साथ खेलते खेलते तालाब की तरफ चला गया। वहां गहरे पानी में जाने डूबने लगा। जब तक परिजनों ने उसे पानी से बाहर निकाला उसकी मौत हो चुकी थी। मासूम की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुरानी भिलाई थाना प्रभारी विनय सिंह बघेल ने बताया कि ग्राम- अमेरी सतनामी पारा में यह घटना घटी है। वहां के रहने वाले पुष्कर गेन्द्रे रायपुर में एक टेंट हाउस में काम करता है। उसका 6 वर्षीय बेटा निखिल गेन्द्रे मंगलवार को घर के पास कुछ बच्चों के साथ खेल रहा था। खेलते-खेलते वह दूसरी तरफ चला गया। वहां से कुछ दूर पर हरबंधा तालाब स्थित है।

बच्चों के साथ निखिल तालाब की तरफ चला गया और उसमें नहाने लगा। इसी दौरान वह समझ नहीं पाया और खेल-खेल में गहरे पानी में चला गया। निखिल को डूबता देख उसका एक साथी उसके घर की ओर भागा और उसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजन तुरंत तालाब पहुंचे। इधर तालाब में नहा रही कुछ महिलाओं ने कूदकर निखिल को पानी में खोजा, लेकिन उसका पता नहीं चला।

इसके बाद परिजनों ने गांव के लोकल मझुआरों की मदद से बच्चे को पानी में खोजा। कई घंटे की मशक्कत के बाद उसका शव पानी के अंदर खोजा जा सका।


आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875 99938-08453 75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी वियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

मिस एंड मिसेस
लेडिस वेयर
• गाऊन • ब्रा. पेन्टी • नाईटी • ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR Mob.-9840760388 7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर



### शत्रुघ्न पटेल को टीम कैट भिलाई का मिला प्रभार

**भिलाई।** सुरेश रतनानी (वरिष्ठ उपाध्यक्ष)' श्रीमती सुमन कन्नौजे (महासचिव)' करमजीत सिंह विज सेक्टर 04 भिलाई ( सचिव ), शत्रुघ्न पटेल को भिलाई -3 का प्रभार देते हुए उपाध्यक्ष टीम कैट भिलाई में मनोनीत किया गया। उपरोक्त पदाधिकारियों को कनफेडरेशन आफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ की आजीवन सदस्यता देते हुए व्यापार जगत की उन्नति के लिए और स्थानीय व्यापारियों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के माध्यम से चर्चा कर सुलझाने का दायित्व भी सौंपा गया उपरोक्त सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों को कैट के प्रदेश मंत्री दिनेश सिंघल ने प्रमाण पत्र एवं मनोनयन पत्र सौंपा। टीम कैट भिलाई के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भर्तियां राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के सम्मानित अध्यक्ष अमर परवानी के मार्गदर्शन में एवं जीतेंद्र दोषी प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में टीम कैट के संगठन को मजबूती प्रदान करते चरोदा, भिलाई 3, कुम्हारी भिलाई नगर निगम , रिसाली नगर निगम सीमा क्षेत्र में कैट के संगठन को मजबूत आधार दिया जाएगा मनोनीत पदाधिकारियों को टीम कैट के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन भिलाई एवं प्रदेश मंत्री दिनेश सिंघल ने बधाई दी।

### गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने विभिन्न वार्डों में समस्याओं के निराकरण के लिए किया दौरा

**भिलाई।** गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू रिसाली नगर निगम क्षेत्र के तहत जनसमस्याओं के निराकरण के लिए विभिन्न वार्डों में निकले। मिली जानकारी के अनुसार गृहमंत्री आगामी दिनों में क्षेत्र के अन्य वार्डों में भी लोगों से रूबरू होकर जनसमस्याओं के निराकरण के लिए मिली समस्या की सुनवाई करते हुए मौके पर ही समस्याओं के निवारण के लिए अधिकारियों को निर्देश देंगे। गृहमंत्री आज दौरे के पहले दिन वार्ड 38 स्टोर पारा पुरेना,वार्ड 39 एनएसपीसीएल कॉलोनी पुरेना ,वार्ड 40 पुरेना बस्ती में रिसाली नगर निगम की महापौर श्रीमती शशि सिन्हा, पीडब्ल्यूडी प्रभारी अनूप सिन्हा,पार्षद सीमा साहू, सोनिया देवांगन,दुर्ग जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकुश पिल्ले, जी.राहुल, दीपांकर साहू, आदित्य मिश्रा के साथ दौरे पर निकले।

### टीबी जागरूकता की दी गई जानकारी 200 प्रतिभागियों ने निकाली रैली

**दुर्ग।** विश्व क्षय दिवस से पूर्व दिनांक 14 मार्च से टी.बी. प्रचार रथ को रवाना किया गया। इस प्रचार रथ का उद्देश्य टी.बी. के बचाव, इलाज व लक्षण एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षय रोग से संबंधित सुविधाओं एवं उनके विस्तार की जानकारी प्रदान करना था। इस प्रचार रथ को डॉ. जे.पी. मेश्राम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. अनिल शुक्ला जिला क्षय अधिकारी एवं एन.टी.ई. पी के अधिकारी एवं कर्मचार उपस्थित थे। जिला स्तर पर रैली -विश्व क्षय दिवस के अवसर पर दिनांक 22 मार्च को प्रातः 8 बजे जिला क्षय नियंत्रण केंद्र, टी.बी. अस्पताल दुर्ग से लगभग 200 प्रतिभागियों के साथ रैली का आयोजन किया गया। टी.बी./एचआईव्ही एनजीओ के कर्मचारी उपस्थित थे। जिला क्षय अधिकारी डॉ. अनिल कुमार शुक्ला द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया।

# आमजनों की सुविधा के लिए खुर्सीपार में खुलेगा विधायक च्वाइस सेंटर

- क्षेत्रवासी अपने ऑनलाइन आवेदन से संबंधित काम फ्री में कर सकेंगे
- भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल सभी को होगा लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव क्षेत्रवासियों के हित और बेहतर सुविधा देने के लिए खुर्सीपार विधायक कार्यालय में विधायक च्वाइस सेंटर खोलने की तैयारी कर रहे है। जल्द ही खुर्सीपार श्रीराम चौक में स्थिति विधायक कार्यालय में च्वाइस सेंटर खोला जाएगा। जहां क्षेत्र के नागरिकों को ऑन लाइन फार्म भरने की फ्री में सुविधा मिलेगी।

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे अपने खुर्सीपार स्थिति कार्यालय में जनदर्शन लगाया। जहां वे क्षेत्र की जनता से मिले और उनकी समस्याओं को सूना। बारी-बारी से क्षेवासियों की समस्याओं को सूनने के साथ ही उनके समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने के लिए जोन 4 के अधिकारियों को निर्देशित किए है। इसी के साथ ही विधायक श्री देवेंद्र यादव ने घोषणा भी की है कि वे इस कार्यालय में च्वाइन सेंटर खोलने । जल्द से जल्द सेंटर खोला जाएगा। जहां क्षेत्रवासियों का ऑन लाइन फार्म भरने, राशन कार्ड,श्रम कार्ड, आयुषमान कार्ड आदि बनाने से लेकर इसी च्वाइस सेंटर से आवेदन किया जाएगा। यह सुविधा भिलाईवासियों को फ्री में उपलब्ध कराई जाएगी। अब लोगों को ऑन लाइन फार्म भरने के लिए प्राइवेट नेट कैपे में जाकर 100-200 रुपए देना नहीं पड़ेगा।

**हर मंगलवार जनता से मिलेंगे**

भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव जनता की समस्याओं को जानने और समस्याओं को दूर करने के लिए वार्ड दौरा करते हैं। साथ ही अब वे हर मंगलवार को खुर्सीपार कार्यालय में सुबह 9 बजे बैठेंगे। जहां क्षेत्र की जनता उनसे सीधे मुलाकात करके अपनी समस्याएं बता सकेंगे। कोरोना काल में कोविड नियमों का पालन करने की वजह से वे जनदर्शन नहीं लगा पा रहे थे। लेकिन आज से जनदर्शन लगाने का काम भी उन्होंने शुरू कर दिया है।

## विश्व जल दिवस पर महापौर और आयुक्त के निर्देश से पेयजल संबंधी शिकायतों के लिए भिलाई में जारी हुआ हेल्पलाइन नंबर



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में पेयजल की शिकायतों से संबंधित संपर्क करने के लिए अब निगम दफ्तर आने की जरूरत नहीं है। दूरभाष पर ही इसकी शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है और निगम के अधिकारी इन शिकायतों का समाधान करेंगे।

महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर विश्व जल दिवस के दिन प्रत्येक जोन क्षेत्र के पेयजल संबंधित शिकायतों के लिए हेल्प नंबर जारी किया जा रहा है। नेहरू नगर जोन के लिए धनराज चौहान मोबाइल नंबर 8982235812, वैशाली नगर जोन क्षेत्र के लिए पुरुषोत्तम सिन्हा मोबाइल नंबर 8817910823, ललित शुक्ला मोबाइल नंबर 97705 78118, संतराम देवांगन मोबाइल नंबर 7389324105, मदर टेरेसा नगर जोन क्षेत्र के लिए श्याम ठाकुर मोबाइल नंबर 7389633642, शिवाजी नगर जोन क्षेत्र के लिए वेंकट राव मोबाइल नंबर 9111523860 एवं जोन क्रमांक 5 निगम क्षेत्र के लिए निरंजन असाटी मोबाइल नंबर 9993616050 से संपर्क कर सकते हैं। ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ हो चुका है ऐसे में नागरिकों को पानी के लिए समस्या न हो इस पर नगर पालिक निगम भिलाई सतत कार्य कर रहा है।

नगर पालिक निगम भिलाई दुर्ग जिले का ऐसा पहला निगम होगा जिसके अधीन दो बड़ी क्षमता के फिल्टर प्लांट स्थापित है और दोनों ही फिल्टर प्लांट शहरवासियों की प्यास बुझा रहे हैं। जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या उत्पन्न हुई थी उन क्षेत्रों में लगातार नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा पानी पहुंचाने का कार्य किया गया है।

## प्रगतिशील कृषक पड्डा को दिल्ली में मिला कृषि क्षेत्र में सराहनीय कार्य हेतु नवोन्मेषी किसान पुरस्कार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** भाकृअनुप भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली द्वारा 9 से 11 मार्च तक आयोजित पूसा कृषि विज्ञान मेला में भिलाई के किसान राजिन्दर सिंह पड्डा को कृषि एव संबत्र गतिविधियों में सराहनीय योगदान के लिए नवोन्मेषी किसान पुरस्कार सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार कैडेट प्रभारी जेपीएस डबास , संयुक्त निदेशक प्रसार बीएस तोमर एवं ए के सिंह निर्देशक ने श्री पड्डा को प्रदान किया।

इस पूसा कृषि विज्ञान मेला में देश भर के 52 लोग ईनाम लेने पहुंचे थेजिनमें राजिन्दर सिंह पड्डा छग से दुर्ग जिले के भिलाई के इकलौते किसान थे। श्री पड्डा को यह पुरस्कार मिलने पर छग कामधेनु विश्व विद्यालय प्रबंधन ने उनको बधाई दी है। राजिन्दर सिंह पड्डा ने अपने द्वारा किये जा रहे कृषि के कार्यो का पत्रकारों के समझ उल्लेख करते हुए कहा कि कचांदूर में इनका खेती का कार्य पैतृक है, इनके द्वारा यहां डेयरी मछली पालन, पोल्ट्री फाम साथ साथ है। इसके अलावा हरे चारे का उत्पादन अत्यधिक मात्रा में करते है, चारे की खेती को इन दिनो अत्यधिक महत्व दे रहा हूं,और हरे चारे की प्रोसिसिंग भी करते हैं। मैं हर साल 2 सौ एकड़ में हरे चारे का उत्पादन करते है, इसकेलिए वचन दूधवाले से मेरा करार है, उनको प्रतिवर्ष पांच हजार टन चारे देता हूं, छग में अधिक खेती धान की होती है, इसके साथ ही यहां पानी की बहुत ही कमी है। हमारे द्वारा नेपियर, बारसिन, मक्का ज्वार की हम खेती करते है। श्री पड्डा वैसे पेशे से एमबीए और इंजीनियर है लेकिन अपने पैतृक खेती होने के कारण खेती में ही इनका लगाव बढते गया।

**विधायक वोरा ने आबकारी अधिकारी को दिए निर्देश**

# बघेरा में नहीं खुलेगा शराब दुकान

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने आबकारी विभाग से कहा है कि बघेरा में शराब दुकान न खोली जाए। स्थानीय नागरिक यहां शराब दुकान खोलने का विरोध कर रहे हैं। इससे पहले वोरा से आज बघेरा के नागरिकों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और शराब दुकान न खोलने की मांग की।

वोरा ने आबकारी अधिकारी से कहा है कि मंदिर और स्कूल होने के कारण स्थानीय नागरिक यहां शराब दुकान न खोलने की मांग कर रहे हैं। नागरिकों की भावनाओं के अनुरूप यहां शराब दुकान नहीं खुलनी चाहिए।

वोरा ने जोर देकर कहा है कि उन्होंने आबकारी विभाग के अफसरों को पहले ही कहा है कि जन भावनाओं का सम्मान करते हुए ही शराब दुकानें खोली जाए। बघेरा में अगर शराब दुकान का विरोध हो रहा है तो वहां पर किसी भी हालत में शराब की दुकान न खोली जाए। वोरा ने कहा है कि दुर्ग शहर सहित पूरे प्रदेश में अभूतपूर्व विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण भाजपा मुद्दाविहीन होकर बौखलाहट में आंदोलन कर रही है।

वोरा ने कहा कि कांग्रेस सरकार का विरोध करने के लिए कोई मुद्दा न होने के कारण भाजपा नेता लोगों को गुमराह कर रहे हैं। शहर में सड़कों का डामरीकरण किया जा रहा है। मूलभूत विकास कार्य कराए जा रहे हैं। स्ट्रीट लाइट लग रही हैं।

जीई रोड के उन्नयन और सौंदर्यीकरण के कार्य हो रहे हैं। ठगड़ा बांध पिकनिक स्पाट की योजना का कार्य हो रहा है। नदी तट पर लक्ष्मण झूला की योजना को मंजूरी मिल चुकी है। शहर की जनता ने पिछली भाजपा सरकार के 15 साल का कुशासन और वादाखिलाफी देखने के बाद वर्तमान भूपेश सरकार के कल्याणकारी कार्यों और योजनाओं को भी आम जनता देख रही है। आम जनता अब भाजपा के बहकावे में नहीं आने वाली।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से परिणय सूत्र में बंधे 28 जोड़े, आशीर्वाद देने पहुंचे- विधायक एवं महापौर



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक पालिक सीमा क्षेत्रान्तर्गत महिला बाल विकास विभाग दुर्ग छग द्वारा आयोजित,मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के विवाह में 22 मार्च 22 को 28 जोड़े परिणय सूत्र में बंधें कल भी होगा सामूहिक विवाह कार्यक्रम । आज महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजनाओं में विवाह हुआ।

दुर्ग शहरी में आदित्य नगर कुशाभाउ ठाकरे भवन में 28 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे। इन्हें विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने आशीर्वाद दिया तथा इनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की।इस अवसर पर विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने नव दंपति को आर्शीवाद देते हुए कहा कि आप लोग के जीवन का सुखद क्षण है।आप लोगो के इस सुंदर क्षण में आप लोगो के बीच उपस्थित होने में हमे भी सुख का अनुभव हो रहा है। यह बहुत ही बेहतर योजना है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में विवाह हो रहा है।इस अवसर पर महिला बाल विकास प्रभारी सुश्री जमुना साहू,परियोजना अधिकारी रचिता नायडू,सुश्री श्रद्धा सोनी, बृजलाल पटेल, प्रकाश जोशी,एल्डरमेन श्रीमती रत्ना नारमदेव के अलावा बड़ी संख्या में अन्य उपस्थित थे।

**विधायक देवेंद्र यादव ने की घोषणा**

# विधायक की पहल से छात्रों को मिला नए 5 कमरें, जल्द बनेगा स्कूल का स्वागत गेट और सायकल स्टैंड

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जोन 2 वार्ड 50 शास्त्रीनगर में छात्र-छात्राओं के पढ़ाई के लिए 5 नए कमरे बनवाएं गए है। साथ ही यहां स्कूल में शौचालय का निर्माण भी कराया गया है। और मंगलवा को स्कूल में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्राण प्रतिष्ठा भी की गई।



नई कमरे के लोकार्पण और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को स्कूल में किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव,नगर निगम भिलाई के पीडब्ल्यूडी विभाग के एमआईसी सदस्य व विधायक प्रतिनिधि एकांश बंछोर सहित वार्ड पार्षद व शाला विकास समिति के सदस्य व स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहें। लोकार्पण कार्य में शामिल विधायक देवेंद्र यादव ने फीता काटकर स्कूल के नए कमरे का लोकार्पण किए। साथ ही मां सरस्वती की प्रतिमा का प्राणप्रतिष्ठा में शामिल हुए। पंडिन ने विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा कराया। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र यादव ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खुर्सीपार के छात्र-छात्राएं हुनरमंद है। वे पढ़ाई से लेकर खेल में सभी क्षेत्र में शहर और प्रदेश का नाम रौशन कर रहे हैं। खुर्सीपार का एक बच्चा कौन बनेगा करोड़ पति में महानायक अतिमाभ बच्चन के साथ केबीसी में सवाल का जवाब दिया। बच्चों ने पढ़ाई में भी काफी अच्छे अंक प्राप्त किए। खेल में भी यहां क्षेत्र के विद्यार्थी अग्रसर है। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम आप लोगों को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल सुविधा, बेहतर कॅरियर गाइडेंस मिले। इसके लिए प्रयास कर रहे हैं।

### छात्रों की मांग पर तत्काल सहमति

विधायक देवेंद्र यादव ने स्कूल के छात्र-छात्राओं से पूछा कि स्कूल में और कोई कमी हो तो वे उन्हें बताएं। ताकि वे जल्द ही उनकी मांग पूरी कर सकते। तब छात्र-छात्राओं ने मांग रखी कि स्कूल में स्वागत द्वार बनाया जाए और एक साइकिल स्टैंड की भी मांग की गई। इस पर विधायक देवेंद्र यादव ने तत्काल सहमति दी और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जल्द ही स्टीमेंट तैयार करें। इस अवसर पर उपसभापति व पार्षद वार्ड 50 श्रीमती डी सुजाता, अध्यक्ष जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर भूपेंद्र यादव, मुरलीधर एमके साहू प्राचार्य भी शामिल रहें।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950